RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम्स

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 03 | ISSUE 122 | TUESDAY DATE 26-05-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ

बटर-दूध-लस्सी-दही, सब कुछ मिले अशुद्ध।
हैरानी की बात है, नशा मिले पर शुद्ध।
नशा मिले पर शुद्ध, नहीं भी जरा मिलावट।
मिलावटी हैं शेष, पतन की चरम गिरावट।
कह साहिल कविराय, भले उत्तर या दक्खन।
शुद्ध मिले ना कहीं, दूध-घी-लस्सी-मक्खन।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल



## रेखा गुप्ता से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मुलाकात, राज्यों के बीच समन्वय पर चर्चा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मई।**

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से उनके निवास पर मुलाकात की। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच जनहित, सुशासन, शहरी विकास, सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार तथा राज्यों के बीच बेहतर समन्वय जैसे विषयों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ में चल रहे विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। दोनों मुख्यमंत्रियों ने देश के विकास में राज्यों की सक्रिय भूमिका और आपसी सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर विभिन्न समसामयिक विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने मुलाकात की फोटो शेयर करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शिष्टाचार भेंट हुई। इस मुलाकात के दौरान दोनों राज्यों के बीच आपसी सहयोग को बढ़ावा देने तथा विकास के विभिन्न आयामों पर विस्तृत और सकारात्मक चर्चा हुई। दोनों राज्यों का सतत विकास एवं परस्पर सहयोग विकसित भारत के हमारे साझा लक्ष्य को और गति प्रदान करेगा।'' वहीं, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री साय ने एक्स पोस्ट में मुलाकात की जानकारी शेयर करते हुए लिखा, ''नई दिल्ली प्रवास के दौरान आज मुख्यमंत्री निवास में दिल्ली की माननीय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से शिष्टाचार भेंट हुई।

## संक्षिप्त खबरें

### तेल के दाम बढ़ने से चीजें हुई महंगी, लोगों को घर का खर्च चलाना मुश्किल : आप

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 25 मई।**

आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा है कि पिछले 10 से 15 दिनों के अंदर चौथी बार पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ गए जिससे सारी चीजें महंगी हो गई है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा 'आज फिर इन्होंने पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा दिए हैं। पूरे देश में औसतन ढाई-ढाई रुपए बढ़ाए गए हैं। पिछले कुछ दिनों में यह चौथी बार दाम बढ़ाए गए हैं। पिछले 10-15 दिन के अंदर पेट्रोल और डीजल के दाम लगभग 7.5 से 8 रुपए बढ़ गए हैं। रूस और ईरान हमें सस्ता और पर्याप्त मात्रा में तेल और गैस देने के लिए तैयार हैं, तो फिर हम लोग उनसे क्यों नहीं खरीद रहे हैं?ह्व श्री केजरीवाल ने कहा 'मैंने देशवासियों से दो-तीन दिन पहले पूछा था कि क्या हमारे देश को रूस और ईरान से तेल और गैस खरीदना चाहिए, तो लगभग 97 फीसदी लोगों ने मुझे कहा कि हां हमें खरीदना चाहिए।

### 14 साल लड़की ने अस्पताल के बाथरूम में बच्ची को दिया जन्म

**रांची, यूटर्न/ 25 मई।** झारखंड के गिरिडीह जिले में एक किशोरी ने सरकारी अस्पताल में बच्ची को जन्म देने के बाद रेप के आरोप में एक युवक को रविवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि नाबालिग लड़की ने शुक्रवार शाम को अस्पताल के बाथरूम में एक बच्ची को जन्म दिया, जिसके बाद अस्पताल कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी। संभागीय पदाधिकारी ने बताया कि पीड़िता के पिता के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई और शनिवार को बेंगाबाद पुलिस थाना क्षेत्र से लड़की के एक करीबी रिश्तेदार को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि लड़की का बयान एक महिला पुलिस अधिकारी ने दर्ज किया और पॉक्सो के तहत मामला दर्ज किया है। रिपोर्ट में एक अधिकारी ने बताया कि अस्पताल पहुंचने के तुरंत बाद लड़की बाथरूम गई, जहां उसने एक बच्ची को जन्म दिया। उन्होंने बताया कि बाद में उसने अस्पताल परिसर से निकलने की कोशिश की, लेकिन कर्मचारियों ने उसे रोक लिया और पुलिस को सूचना दी।

## समान नागरिक संहिता से आदिवासी समुदाय को कोई नुकसान नहीं : शाह

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 25 मई।**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आदिवासी समुदाय के लोगों से समान नागरिक संहिता (यूसीसी) नहीं डरने की अपील करते हुए कहा कि उन्हें इससे कोई नुकसान नहीं होगा। श्री शाह ने यहां के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में 'तू- मैं एक रक्त, वनवासी-ग्रामवासी-नगरवासी, हम सब भारतवासी' नाम से आयोजित जनजातीय सांस्कृतिक समागम को संबोधित करते हुए कहा, 'यह समागम आने वाले वर्षों तक जनजातियों के 'महाकुंभ' के रूप में जाना जाएगा। आप देश के दूर-दराज के इलाकों से, पारंपरिक वेशभूषा में, अपने वाद्य यंत्रों के साथ और अपनी संस्कृति के गीत गाते हुए यहाँ आए हैं, तो मैं पूरे यकीन के साथ कह सकता हूँ कि मैंने अपने जीवन में कभी भगवान बिरसा मुंडा को नहीं देखा, लेकिन आज भगवान बिरसा मुंडा साक्षात मेरे सामने प्रकट हुए हैं। मैं आप सभी को नमन करता हूँ। उन्होंने कहा, 'हमारे संविधान निर्माताओं ने हर व्यक्ति को अपने मूल धर्म में आत्म-सम्मान के साथ जीने का



अधिकार दिया है। लोगों को लालच देकर किसी का धर्म बदलने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा। अब हमें दिल्ली की इस धरती से अपने धर्म की रक्षा करने की शपथ लेनी चाहिए और यह हमें हमारी संस्कृति और हमारे देश से जोड़े रखेगी। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा, 'मैं मध्य प्रदेश और गुजरात से आए अपने सभी भाइयों और बहनों का, मध्य प्रदेश और गुजरात के भील और मुंडा समुदायों का, छत्तीसगढ़ के गोंड और कोलाम समुदायों का, झारखंड और ओडिशा के संथाल और उरांव समुदायों का, पूर्वोत्तर के बोडो, कार्बी, दिमासा, खासी, गारो और चकमा समुदायों का, और आंध्र प्रदेश के चेंचु समुदायों का तहे दिल से स्वागत करता हूँ।

### देश के बॉर्डर क्षेत्रों में प्रवास करेंगे गृह मंत्री अमित शाह, सुरक्षा संबंधी बैठकों में लेंगे हिस्सा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अगले कुछ दिनों में देश के बॉर्डर क्षेत्रों में प्रवास करेंगे और सुरक्षा संबंधी बैठकों में हिस्सा लेंगे। इसके तहत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 25 मई की रात को दो दिवसीय दौरे पर राजस्थान के बीकानेर पहुंचेंगे और 26 मई सुबह 10 बजे सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की सीमा चौकी सांचू का दौरा करेंगे। वहां वह सुरक्षा बलों के जवानों के साथ संवाद करेंगे और सुरक्षा बलों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। अमित शाह दोपहर 2 बजे बीकानेर में बॉर्डर क्षेत्र की सुरक्षा की समीक्षा करेंगे, जिसमें गृह मंत्रालय, राजस्थान सरकार, बीएसएफ के अधिकारी और 5 सीमावर्ती जिलों के जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहेंगे।

## जन आक्रोश से बचने के भय से भाजपा नेता दिखावटी चिट्ठी लिख रहे हैं: अखिलेश

» **लखनऊ, यूटर्न/ 25 मई।**

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में बिजली संकट को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि उप्र में असहनीय 'महा विद्युत आपदा' की वजह से लगातार बढ़ते आक्रोश से बचने के लिए भयभीत भाजपाई विधायक-सांसद दिखावटी चिट्ठी का 'कागजी कवच' बना रहे हैं।

श्री यादव ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि यह चिट्ठी दरअसल अपनी सरकार को लिखा कोई 'जन हित का पत्र' नहीं है, बल्कि भाजपा रूपी डूबते जहाज को छोड़कर विपक्ष से आगामी चुनावों में टिकट पाने के लिए 'आवेदन पत्र' है।

उन्होंने साफ किया कि हमारे गठबंधन में ऐसे नेताओं के लिए कोई जगह नहीं है, जो जनता को दुख-दर्द और दिक्कतों के सिवा कुछ नहीं देते हैं।

सपा प्रमुख ने कहा कि इस जानलेवा गर्मी में परिवारों में बड़े बुजुर्गों, बीमारों, बच्चों और खाने-पानी की



व्यवस्था में झुलसती महिलाओं की क्या दुर्दशा हो रही है, ये केवल परिवारवाले ही समझ सकते हैं। कभी आपदा में अवसर ढूंढने वालों ने, अवसर की जगह जिस 'अफसर' को ढूंढा था, वो अफसर अब स्वयं आपदा साबित हो रहा है। अखिलेश ने तंज कसते हुए कहा कि समस्या का समाधान पूछने पर दोनों हाथ खड़ा करके नारा लगाकर बच निकलने वालों के रहते समस्या नहीं सुलझेगी। उन्होंने कहा कि किसी के लिए ये बड़ा मौका है कि वो पूरी तरह से नाकाम हो चुके किसी 'दूत-मंत्री' को हटा दे। इससे मुख्य जी को अपना मंत्रिमंडल विस्तार करने और किसी एक 'घाटहीन' को समायोजित करने का मौका भी मिल जाएगा।

## आयुष क्षेत्र भारत की समृद्ध पारंपरिक ज्ञान परंपरा और स्वास्थ्य सेवा की उभरती जरूरतों का अनूठा संगम : डॉ पंकज



**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 25 मई।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने सोमवार को कहा कि आयुष क्षेत्र भारत की समृद्ध पारंपरिक ज्ञान परंपरा और स्वास्थ्य सेवा की उभरती जरूरतों का अनूठा संगम है। डॉक्टर सिंह की मौजूदगी में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले हेल्थकेयर सेक्टर स्किल काउंसिल ने चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान के साथ आज एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य आयुष के प्रमुख क्षेत्रों जैसे आयुर्वेद आहार एवं पोषण, आयुर्वेद डाइट, योग वेलनेस ट्रेनर, आयुर्वेद मसाज थेरेपिस्ट, पंचकर्म असिस्टेंट और पंचकर्म तकनीशियन आदि में 'राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क' के अनुरूप विशेष कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए एक मजबूत ढांचा तैयार करना है।

## पीएम मोदी दाम किश्तों में बढ़ाते हैं ताकि चुपचाप आपकी जेब से निकाल सकें पैसा

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 25 मई।** पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार और पीएम मोदी पर तीखा हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि सरकार जनता की जेब पर लगातार बोझ डाल रही है और महंगाई नियंत्रित करने में पूरी तरह विफल रही है। राहुल गांधी ने अपने बयान में कहा कि महंगाई वाले मोदी ने फिर हमला किया। वे पेट्रोल-डीजल के दाम किश्तों में बढ़ाते हैं ताकि आपकी जेब से चुपचाप पैसे निकलते रहें। उन्होंने दावा किया कि वह पिछले कई महीनों से देश में आने वाले 'आर्थिक तूफानह्व को लेकर चेतावनी देते रहे हैं, लेकिन मोदी सरकार चुनावी राजनीति में व्यस्त रही। राहुल गांधी ने कहा, 'मोदी जी हमेशा की तरह चुनावों में व्यस्त थे और जैसे ही चुनाव खत्म हुए, पेट्रोल-डीजल पर 8 रुपए की बढ़ोतरी कर दी गई। उन्होंने कहा कि यह बढ़ोतरी आगे भी जारी रह सकती है।

## प्रदेशवासियों की सुरक्षा और जनसमस्याओं के लिए सरकार प्रतिबद्ध : सीएम योगी

» **लखनऊ, यूटर्न/ 25 मई।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए फरियादियों से मिलकर सभी की समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों की सुरक्षा, सम्मान पर सरकार का पूरा जोर है। सरकार जनसमस्याओं के उचित समाधान के लिए प्रतिबद्ध भी है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को तय समयसीमा के भीतर समस्याओं के निस्तारण का भी निर्देश दिया। 'जनता दर्शन' में शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कुछ मामले आए। उन्होंने सभी को



आश्वस्त किया कि शिक्षा और स्वास्थ्य पर सरकार का विशेष जोर है। प्रदेश का हर व्यक्ति शिक्षित हो और हर जरूरतमंद को स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें, इसके लिए सरकार कृतसंकल्पित है। इन विभागों से जुड़े सभी मामले संवेदनशीलता से हल किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जरूरतमंद की समस्या का समाधान हमारी सरकार की प्राथमिकता है। सीएम योगी ने अफसरों को निर्देशित किया कि पूरी संवेदनशीलता से सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सभी को न्याय मिले।

### गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों को ननिहाल-ददिहाल अवश्य ले जाएं, प्रकृति से भी जोड़ें

**लखनऊ, यूटर्न/ 25 मई।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों और उनके अभिभावकों के नाम पाती (पत्र) लिखा है। पाती के माध्यम से सीएम योगी ने अभिभावकों से अपील की है कि गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों को ननिहाल-ददिहाल अवश्य ले जाएं और प्रकृति से जोड़ने का भी प्रयास करें। मुख्यमंत्री ने बच्चों को संबोधित करते हुए लिखा, 'गर्मी की छुट्टियां आप सभी के लिए आनंद, उत्साह और नए शोध का समय लेकर आती हैं। स्कूल की व्यस्त दिनचर्या से थोड़ी राहत मिलते ही मन कुछ नया सीखने, नए स्थान देखने और अपनों के साथ समय बिताने को उत्सुक हो उठता है। यही अवसर है, जब आप अपनी रुचियों को पहचानें, नई आदतें विकसित करें एवं जीवन के ऐसे अनुभव प्राप्त करें, जो आगे चलकर आपके सम्पूर्ण व्यक्तित्व निर्माण में सहायक हों।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सोच शुरू से रही किसान हितैषी : सुभाष सुधा

### किसानों के खेतों के रास्तों को खेत खलिहान योजना के तहत किया जा रहा है पक्का

### पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने खेत-खलिहान योजना के तहत विभिन्न ईंट रास्तों के निर्माण कार्यों का किया शिलान्यास

» परमिंदर सिंह

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 25 मई। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सोच शुरू से ही किसान हितैषी रही है। किसानों के खेतों के रास्तों तक को पक्का किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने देश में सबसे पहले प्रदेश के किसानों की सभी फसलों को एमएसपी पर खरीदने की शुरूआत की।

किसानों को खाद-बीज व फसल बिक्री सहित अन्य सुविधाएं मुहैया करवाने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल की शुरूआत की। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा गांव बाहरी में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने गांव बाहरी में खेत-खलिहान योजना के तहत विभिन्न ईंट रास्तों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया। इनमें सरस्वती ड्रेन के पास से हंसराज के खेत तक 4.15 लाख रुपये की लागत से 0.23 किलोमीटर लंबा ईंट रास्ता, रामसरन के खेत से अजमेर सिंह के खेत तक 8.44 लाख रुपये की लागत से 0.47 किलोमीटर लंबा ईंट रास्ता तथा कृष्ण सैनी के खेत से परवेश सैनी के खेत तक 6.97 लाख रुपये की लागत से 0.38 किलोमीटर लंबा ईंट रास्ता शामिल है।



पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने गांव जोगना खेड़ा में खेत-खलिहान योजना के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

इनमें पीडब्ल्यूडी नरकतारी रोड से रोशनी देवी पत्नी ओमप्रकाश के खेत तक 13.20 लाख रुपये की लागत से 0.74 किलोमीटर लंबा ईंट रास्ता, मुख्य फिरनी/मंगत राम के खेत से महिंदर सिंह के खेत तक 13.20 लाख रुपये की लागत से 0.74 किलोमीटर लंबा ईंट रास्ता तथा पीडब्ल्यूडी नरकतारी रोड से सुखचैन सिंह की कृषि भूमि तक 11.06 लाख रुपये की लागत से 0.62 किलोमीटर लंबा ईंट रास्ता शामिल है।

इस मौके पर धर्मपाल सैनी, रमेश सैनी, मोनू शर्मा, नरेंद्र पंचाल, सुमित सैनी, सरपंच प्रतिनिधि संजीव कुमार, अमरजीत, राजीव, अशोक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# श्री जयराम विद्यापीठ में श्रद्धा भाव के हुआ गंगा दशहरे का पूजन एवं अभिषेक

- ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने गंगा दशहरा पर दी शुभकामनाएं, ब्रह्मसरोवर पर गंगा दशहरा पर तीर्थों का आह्वान कर मां गंगा से विश्व के कल्याण की हुई कामना

» अश्विनी वालिया

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 25 मई। मई देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से हर वर्ष की भांति गंगा दशहरा के अवसर पर तीर्थ ब्रह्मसरोवर में सभी तीर्थों का आह्वान कर मां गंगा को प्रणाम करके विश्व के कल्याण हेतु प्रार्थना की गई। गंगा दशहरा पर परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने देश प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विद्यापीठ में विशेष पूजन एवं अनुष्ठान भी किया गया। श्री जयराम संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रणबीर भारद्वाज के मार्गदर्शन में प. पंकज एवं अन्य विद्वान ब्राह्मणों व वेदपाठियों ने श्री रामेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं का विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ रुद्राभिषेक सम्पन्न करवाया। इसी अवसर पर साधु संतों को प्रसाद भी वितरित किया गया। डा. रणबीर भारद्वाज ने बताया कि भारतीय संस्कृति में गंगा दशहरा का विशेष महत्व है और राजा भगीरथ से इसका संबंध है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष ज्येष्ठ महीने की शुक्ल पक्ष की दशमी को गंगा दशहरा मनाया जाता है। उन्होंने बताया स्कन्दपुराण में कहा गया है कि गंगा दशहरे के दिन व्यक्ति को किसी भी पवित्र नदी अथवा तीर्थ में स्नान करना चाहिए। इस दिन ध्यान व दान करना चाहिए। इससे सभी पापों से मुक्ति मिलती है। डा. भारद्वाज ने विस्तार से बताया कि ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन राजा भगीरथ गंगा को धरती पर लाए थे। इस दिन गंगा धरती पर अवतरित हुई थी। इस अवसर पर लोग गंगा अथवा पवित्र में स्नान करते हैं और गरीबों को दान करते हैं। डा. रणबीर भारद्वाज ने बताया शास्त्रों में कहा गया है कि शिव की जटाओं में लिपटी गंगा के जल में डुबकी लगाने से मनुष्य को विष्णु और शिव का आशीर्वाद एक साथ प्राप्त होता है। मान्यता है कि राजा भगीरथ के पूर्वजों को श्राप मिला था, जिसकी वजह से उन्होंने गंगा को धरती पर लाने के लिए घोर तप किया। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर माता गंगा ने उन्हें दर्शन दिए। इस अवसर पर केके कौशिक, खरैती लाल सिंगला, राजेश सिंगला, टेक सिंह, पवन गर्ग, केसी रंगा, यशपाल राणा, सतबीर कौशिक, रोहित कौशिक व यशपाल इत्यादि भी मौजूद रहे।







# एन.सी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में टीबी को लेकर कार्यक्रम आयोजित

### 100 दिवसीय टीबी मरीजों को न्यूट्रिशन किट की वितरित

» पानीपत,यूटर्न/ 25 मई।

एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में सोमवार को 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग पानीपत एवं इसराना स्थित एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने कहा कि टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना होगा। योग, संतुलित पोषण और समय पर दवाई लेने से तपेदिक पर पूरी तरह काबू पाया जा सकता है। टीबी मरीज नियमित उपचार और सावधानी बरतकर एक वर्ष के भीतर स्वस्थ जीवन की ओर लौट सकता है। सरकार द्वारा मरीजों को उपचार के दौरान आर्थिक सहायता और पोषण सुविधा भी उपलब्ध करवाई जा रही है। उपायुक्त ने कार्यक्रम का शुभारंभ प्रज्वलित कर किया व इस दौरान टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की तथा परिसर में पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम में टीबी उन्मूलन अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्थान पदाधिकारियों ने उपायुक्त का बुके एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने कहा कि टीबी के खिलाफ लड़ाई केवल स्वास्थ्य विभाग की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। जागरूकता और सकारात्मक सोच से तपेदिक जैसी बीमारी को पूरी तरह हराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य सिर्फ मरीजों का इलाज करना नहीं, बल्कि भारत को टीबी मुक्त बनाना है और इसमें जनभागीदारी सबसे बड़ी शक्ति साबित होगी। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. विजय मलिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को टीबी मुक्त बनाने का अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि लोगों में जागरूकता बढ़ाकर ही इस बीमारी को समाप्त किया जा सकता है। एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सचिव विजय गुप्ता ने बताया कि संस्थान वर्तमान में 100 टीबी मरीजों का उपचार करवा रहा है और भविष्य में भी इस अभियान को लगातार जारी रखा जाएगा।

# मेट्रो मंडे अभियान: ईंधन बचाने के लिए विजेंद्र गुप्ता ने मेट्रो से किया दिल्ली विधानसभा तक का सफर

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 25 मई।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने ईंधन बचाने के लिए सोमवार को 'मेट्रो मंडे' अभियान में हिस्सा लिया और तिलक मार्ग स्थित अपने आवास से विधानसभा तक यात्रा सार्वजनिक परिवहन से की। सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन से अपनी यात्रा शुरू कर विजेंद्र गुप्ता ने यात्रियों से बातचीत की और रोजमर्रा की जिंदगी में पर्यावरण के अनुकूल यात्रा के तरीकों को अपनाने के महत्व पर जोर दिया। एक अधिकारी ने एक बयान में बताया कि अपनी यात्रा के दौरान गुप्ता ने राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर ट्रेन बदली और दिल्ली विधानसभा पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन बचाने के आह्वान से प्रेरित होकर मेट्रो सोमवार पहल नागरिकों को सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने और ईंधन बचाने के लिए प्रोत्साहित करती है। एक अधिकारी ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी में टिकाऊ शहरी गतिशीलता को बढ़ावा देना, ट्रैफिक जाम को कम करना और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार तरीकों में जनता की भागीदारी को मजबूत करना भी है। पिछले सोमवार से शुरू हुई 'मेट्रो मंडे' मुहिम में दिल्ली के उपराज्यपाल टीएस संधू, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, कैबिनेट मंत्री और अन्य सरकारी अधिकारी ईंधन बचाने और सार्वजनिक परिवहन के सही इस्तेमाल का संदेश फैलाने के लिए शामिल हुए। 'मेट्रो मंडे' दिल्ली सरकार की एक पहल है, जो मेरा भारत, मेरा योगदान मुहिम का हिस्सा है। यह ऐसे समय में संरक्षण को बढ़ावा देती है, जब ईंधन की कीमतें एक राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दा बन गई हैं। इस पहल के तहत दिल्ली सरकार के मंत्रियों और अधिकारियों ने सार्वजनिक परिवहन का उपयोग किया, जिसमें दिल्ली मेट्रो और अन्य टिकाऊ साधन शामिल थे।



# झुग्गियों में भीषण आग, 20 से ज्यादा झुग्गियां जलकर राख, बाल-बाल बचे लोग

» ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 25 मई।

ग्रेटर नोएडा के दनकौर थाना क्षेत्र में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब ग्राम हाफीजपुर स्थित झुग्गी-झोपड़ी बस्ती में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और करीब 20 से 25 झोपड़ियां इसकी चपेट में आ गईं। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के इलाके में धुएं का गुबार फैल गया और लोगों में दहशत का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग लगने के दौरान झुग्गियों में रह रहे लोगों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। आग तेजी से फैलने के कारण लोगों को सामान निकालने का भी मौका नहीं मिल सका। कई परिवारों का घरेलू सामान, कपड़े और रोजमर्रा की जरूरत का सामान जलकर राख हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग इतनी भयावह थी कि कुछ ही मिनटों में एक के बाद एक झोपड़ियां जलने लगीं। स्थानीय लोगों ने शुरूआती स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू पाना संभव नहीं हो सका। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने मोर्चा संभाला और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया।



पुलिस के अनुसार, आज दिनांक 25 मई 2026 को थाना दनकौर क्षेत्र के ग्राम हाफीजपुर स्थित झुग्गी-झोपड़ी में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। मौके पर करीब 20-25 झोपड़ियों में आग लगी हुई पाई गई। फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आग को पूरी तरह बुझा दिया गया।

राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद प्रशासन ने इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखी और प्रभावित परिवारों की मदद के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही है। आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्राथमिक आशंका शॉर्ट सर्किट या किसी ज्वलनशील सामग्री से आग फैलने की जताई जा रही है। इस पूरे मामले को लेकर सीएफओ गौतमबुद्धनगर प्रदीप कुमार ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और बताया कि फायर ब्रिगेड की टीम ने समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। फिलहाल प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# दिल्ली में शराब की दुकान में लूट, लुटेरों ने कर्मचारियों को मारी गोली, आरोपी गिरफ्तार



**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 25 मई।** दिल्ली के पहाड़गंज के व्यस्त बाजार क्षेत्र में स्थित एक सरकारी शराब की दुकान पर लूटपाट की कोशिश के दौरान बदमाशों ने कर्मचारियों पर फायरिंग कर दी। इस हमले में दो कर्मचारी घायल हो गए, जिनमें एक को गोली लगी, जबकि दूसरे पर चाकू से हमला किया गया। पुलिस के अनुसार, घटना शनिवार देर रात की है। हथियारों से लैस दो बदमाश दुकान में लूट के इरादे से घुसे थे। आरोपियों के पास पिस्तौल और चाकू था। उन्होंने कर्मचारियों को डराकर नकदी और अन्य सामान लूटने की कोशिश की। इसी दौरान एक आरोपी ने चार गोलियां चलाईं। इनमें से तीन गोलियां निशाने से चूक गईं, जबकि एक गोली दुकान के एक कर्मचारी को जा लगी। वहीं दूसरे आरोपी ने एक अन्य कर्मचारी पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। हमलावरों ने तीसरे कर्मचारी का बटुआ भी लूट लिया, जिसमें करीब 1,500 रुपए नकद, आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड और अन्य जरूरी दस्तावेज मौजूद थे। हालांकि, दुकान के कर्मचारियों ने बदमाशों का डटकर विरोध किया, जिससे आरोपी घबरा गए और मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस और फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# अखिल भारतीय सेवा संघ का सराहनीय कार्य, पक्षियों के लिए बांटे सकोरे

## पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना हर व्यक्ति का यह नैतिक दायित्व

» **राजेश सलूजा**



हरियाणा, यूटर्न/ 25 मई। अखिल भारतीय सेवा संघ, हिसार शाखा की ओर से बढ़ती गर्मी को देखते हुए शाखा अध्यक्ष डॉ. हेमंत आहूजा की अध्यक्षता में बेजुबान पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने के लिए सराहनीय पहल की गई।इसी कड़ी में शहर के टाउन पार्क में पक्षियों के लिए पानी पीने के लिए सकोरे वितरित किए गए।इस अवसर पर सेवा संघ के प्रांतीय संरक्षक राजेन्द्र सपड़ा ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी की भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसे समय में समाज के प्रत्येक व्यक्ति का यह नैतिक दायित्व बनता है कि वह अपने घर, दुकान एवं सार्वजनिक स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी की उचित व्यवस्था करे।

कार्यक्रम के दौरान शाखा अध्यक्ष डॉ. हेमंत आहूजा ने लोगों से अपील की वे गर्मी के मौसम में बेजुबान पक्षियों एवं पशुओं के प्रति संवेदनशील बनें। अपने आसपास पानी से भरे सकोरे अवश्य रखें, ताकि जीव-जंतुओं को राहत मिल सके। हिसार शाखा के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक एवं सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमसी राजेश अरोड़ा, डॉ. दीपक नागपाल एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. नम्रता अग्रवाल को मोमेंटो भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव विनोद धवन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामचंद्र गुप्ता, प्रांतीय संरक्षक राजेंद्र सपड़ा, प्रांतीय कोषाध्यक्ष संदीप भाटिया, प्रांतीय सेवा रत्न संयोजक नरेंद्र ढुल, जिला संयोजक गौरव भाटिया, शाखा संरक्षक विनोद गोयल, प्रधान डॉ. हेमंत आहुजा, सचिव गुलशन कथूरिया, कोषाध्यक्ष संजीव राजपाल, वरिष्ठ उपप्रधान लोकेश अनेजा, मुख्य सलाहकार संजय सेहरा, रवि मेहता, उपप्रधान विनोद वर्मा, अमित धवन, सलाहकार रंजीव राजपाल, सहसचिव शुभम वलेचा, प्रचार सचिव अजय ग्रोवर, सहप्रचार सचिव राजेंद्र अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य दिनेश चुघ, यशपाल खेड़ा राधेश्याम महता सुनील वर्मा, दिनेश आर्य, जितेंद्र भारती, विक्की अरोड़ा, प्रदीप खुराना, डॉ. मनीष चांदना, गौरव कटारिया, अनिल मित्तल, पूर्व एमसी पंकज दीवान, सुरुचि असीजा, सुनीना नागपाल, अंजलि भाटिया, स्वाति ढींगरा, कंचन, प्रीति भाटिया, कमलेश कुमारी, उर्मिल, शशि आदिब, नीतू खुराना एवं हीतू भाटिया सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## बाइक से टक्कर ने कानपुर में कराई बाप - बेटे की हत्या, एक गिरफ्तार, दो की तलाश, तीसरा गंभीर

**सुनील बाजपेई/कानपुर, यूटर्न/ 25 मई।** दो बाइकों की टक्कर ने कानपुर में पिता - पुत्र की हत्या करवा दी,जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल अस्पताल में जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है।



मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि दो फरार है। उनकी तलाश भी लगातार की जा रही है। दोहरा हत्याकांड के रूप में हड़कंप मचा देने वाली यह घटना नौबस्ता थाना क्षेत्र में हुई। यहां घर लौट रहे पिता और उनके दो बेटों पर दबंगों ने चाकू और हेलमेट से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में पिता शिवनारायण त्रिवेदी और उनके बेटे शिवम की मौत हो गई, जबकि दूसरा बेटा सत्यम गंभीर हालत में अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। सरेशाम हुई इस दोहरी हत्या से पूरे इलाके में सनसनी और दहशत का माहौल है। जिसे देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात कर दिया गया है। घटना के बारे में प्राप्त विवरण के मुताबिक किदवई नगर की मार्बल मार्केट में नौकरी करने वाले चकेरी थाना क्षेत्र के सजारी निवासी शिवनारायण त्रिवेदी घटना के समय अपने बेटों शिवम और सत्यम के साथ काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान नौबस्ता क्षेत्र में यशोदा नगर बाईपास के पास दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई।

## मन की उड़ान संस्था द्वारा तेईसवां साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित

# शायरों ने काव्य रचनाओं से श्रोताओं को समां बांधा



» **निर्मल सिंह विर्क**

पानीपत, यु-टर्न 25 मई ।मन की उड़ान साहित्यिक संस्था द्वारा अपना तेईसवां साहित्यिक कार्यक्रम होटल थ्रोसं अल्फा सिटी करनाल में आयोजित किया। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ शायर इकबाल पानीपती ने की, मुख्य अतिथि समाजसेवी संदीप नैन रहे, विशिष्ट अतिथि कुरूक्षेत्र से पहुंचे वरिष्ठ शायर स. कुलवन्त सिंह रफीक,शायरा गायत्री कौशल आर्य व कवि दयाल चन्द जास्ट रहे।


कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ शायर इकबाल पानीपती ने कहा हर तरफ थी आग की लपटे धूंआ था बेशुमार,आप कहते हैं के बसती में जला कुछ भी नहीं, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ महावीर प्रसाद शास्त्री ने कहा सदा का चैन ले गई, रूंओस नैन दे गई, सुख एक रैन दे गई, विदेश की चमक दमक, मुख्य अतिथि सन्दीप नैन ने कहा साहित्य समाज में चेतना जगाने का कार्य करता है और जिससे समाज को दिशा मिलती है, वरिष्ठ शायर कुलवन्त सिंह रफीक ने कहा मनहूस हवाओं से बचाती हैं बेटियां,घर को मुहब्बतों से सजाती है बेटियां, शायरा गायत्री कौशल आर्य ने कहा आप आने लगे ख्यालों में,मैं उलझनें लगी सवालों में, कवि दयाल चन्द जास्ट ने कहा युद्ध ही अंतिम निर्णय नहीं होता, ढूंढने से समस्या के और भी हल निकलते हैं, कवयित्री पूनम गोयल ने कहा तुम आए चांद की तरह मेरी अंधेरी रात में, अभी जरा सी देर तो रहो मेरी निगाह में, कवि दलीप खरेरा ने कहा कुछ नहीं हुआ हासिल, देख लिया बनकर शातिर, काश कली बन जाऊं फिर,मासूम तितलियों की खातिर, युवा शायर रामेश्वर देव ने कहा कब मेरा बदल जाए मुकद्दर पता नहीं, ये वहम मेरे दिल का कभी टूटता न था, कवि डॉ आर बी कपूर ने कहा गुजर तुमने भी जाना है,गुजर हमने भी जाना है, कवि डॉ सुभाष सैनी ने कहा उनकी बातों में एक बात बड़ी खास होती है, कि झूठ बोलते वक्त वाणी में पूरी मिठास होती है,कवि प्रेम पाल सागर ने बेचते वो मौत का सामान हैं पगले, खुद को कहते कौम का निगाहबान है पगले,कवि नरेश लाभ ने कहा तुम मेरी जीवन मधुशाला, तुमसे है इतनी सी आशा,कवयित्री रोजलीन ने कहा कभी पतझड़ के टूटे तिनकों, सूखे पत्तों को बुहार कर, कुछ सहेजा था इन हथेलियों ने, कवयित्री अनुजा कपूर ने कहा हम कुछ भी उधार नहीं लेते, कफन भी लेते हैं तो जान देकर,शायरा वनीता चौपड़ा ने कहा मन की यह धरती पानी पानी हो बैठी,नैनन नैनन नवल नेह की जब पहली बरसात हुई,युवा शायर अशोक मलंग ने कहा हर बात वो बताकर कहती हैं खैर छोड़ो, जज्बात वो जगाकर, कहती हैं खैर छोड़ो, कवि राजकुमार 'मायूस' ने कहा गमों का बोझ उठा कर हम चलते ही रहे, मंन्जिल का निशा हम को, अभी तक मिला नहीं, कवि डॉ श्याम सिंह ने कहा प्रेम को कहते सब पूरा, लेकिन वह तो अधूरा है, चलती सांसें जब थम जाती,जीवन कहते पूरा है, कवयित्री प्रीति सिंह ने कहा जख्मों की दरारों से झांकता एक रिश्ता,कभी बड़ा अनमोल था तेरे लिये भी मेरे लिये भी, डॉ सोनिया नैन ने कहा मैं चिड़िया तेरे आंगन की जाऊं कहां मैं, जाऊं कहां, कवयित्री सुमन शर्मा ने कहा कुछ ख्वाब बनते हैं अधूरे रह जाने के लिए।

कार्यक्रम में स. गुरमुख सिंह वड़ैच, राजपाल रोजडा, रमेश कुमार ने भी अपनी अपनी प्रस्तुति दी। संस्था की ओर से कार्यक्रम अध्यक्ष, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिह्न व शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन युवा शायर रामेश्वर देव ने किया।

# दो बार प्रधानमंत्री की कुर्सी, पर चप्पल टूटी

## गुलजारी लाल नंदा का थप्पड़ आज की सियासत पर

» **हरियाणा, यूटर्न/ 25 मई।**



1964 की 27 मई। नेहरू जी गए। देश अनाथ। शाम को ढटड में एक आदमी दाखिल हुआ - खादी का कुर्ता, चेहरे पर सलवटें, पैरों में घिसी चप्पल। नामः गुलजारी लाल नंदा। 13 दिन प्रधानमंत्री रहे। फिर कुर्सी शास्त्री जी को दे दी।

1966 में शास्त्री जी ताशकंद में रहे गए। फिर संकट। फिर वही नंदा जी। 13 दिन और प्रधानमंत्री। इंदिरा जी आईं, कुर्सी छोड़ दी। दो बार देश का ताज, पर सिर कभी झुका नहीं।

आज के दौर में आज वार्ड का पार्षद टिकट मिलते ही फॉर्च्यूनर बुक कराता है। काफिले में 10 गाड़ी, घर के आगे + का तामझाम। और नंदा जी?

मंत्री नहीं रहे तो सरकारी बंगला उसी दिन खाली कर दिया। नई दिल्ली स्टेशन के पास 500 रुपए वाले किराए के कमरे में शिफ्ट। एक तख्त, एक टूटी कुर्सी, एक स्टोव। खुद सब्जी लाते, खुद दाल बनाते। इंदिरा गांधी मिलने गईं। देखा फर्श पर बैठे चाय पी रहे हैं। बोलीं, 'नंदा जी बंगला ले लो। पूर्व प्रधानमंत्री हो।'

जी हंसे, 'इंदिरा बेटी, बापू ने कहा था - जनता का एक रुपया भी फालतू मत खर्च करना। मुझे एक कमरा बहुत है।' आज सांसद 5 साल में 5 कोठी बनाता है नंदा जी ने 1971 में राजनीति छोड़ी। ढ्ढ पेंशन 15 हजार बनती थी। हाथ जोड़कर मना कर दिया। बोले, 'देश ने नमक-रोटी दी, वही काफी है।'

आखिरी सांस अहमदाबाद के आश्रम में ली। 1998 में गए तो कुल जमा पूंजीः 35 हजार। न जमीन, न मकान, न बैंक लॉकर। सचिव बताते हैं - विदेशी मेहमान आने वाले थे। ढअ नई चप्पल ले आया। नंदा जी बिगड़ गए, 'इसमें छेद कहां है? अभी 6 महीने चलेगी। जनता के पैसे की इज्जत करो।' आज 'भारत रत्न' के लिए लॉबिंग होती है

नंदा जी को मरे 26 साल बाद 1997 में भारत रत्न मिला। न कभी मांगा, न चर्चा की। आज ट्वीट करके बताया जाता है - 'मैं देश सेवा कर रहा हूं'।

आज दल-बदलू करोड़ों में बिकते हैं। नंदा जी दो बार प्रधानमंत्री की कुर्सी छोड़कर किराए के कमरे में चले गए। क्योंकि कुर्सी उनके लिए सेवा थी, सौदा नहीं।

गुलजारी लाल नंदा ने थप्पड़ मारा है हर उस नेता पर जो कहता है 'राजनीति घाटे का सौदा है'।

वो बता गए - कुर्सी ताकत नहीं देती, त्याग देता है। वो प्रधानमंत्री नहीं थे, वो 'प्रधान सेवक' का मतलब थे। और हम? हम उनके नाम पर सड़क तो बना देते हैं, पर किरदार नहीं बनते।

## 10 महीने की बच्ची की हत्या का खुलासा, पिता ने कबूला जुर्म

**मुकुंदपुर, यूटर्न/ 25 मई।** राष्ट्रीय राजधानी के बाहरी उत्तरी जिला पुलिस ने एक बेहद गंभीर मामले का खुलासा किया है। दस महीने की एक बच्ची की हत्या कर उसके शव को घर के सेप्टिक टैंक में फेंक दिया था। इस मामले में पुलिस ने शव बरामद करते हुए बच्ची के पिता को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने शुरूआत में पुलिस को गुमराह करने के लिए अपहरण की झूठी सूचना दी थी। यह मामला भलस्वा डेयरी थाना क्षेत्र का है, जहां पुलिस को 24 मई को एक आपातकालीन सूचना मिली थी कि एक घर से 10 महीने की बच्ची का कथित रूप से अपहरण हो गया है।

सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मामला अत्यंत संवेदनशील मानते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने तुरंत विशेष टीमें गठित कर दीं और पूरे इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और शिकायतकर्ता पिता की गतिविधियों की जांच की। शुरूआती जांच में ही पुलिस को पिता के बयान और घटनाक्रम में कई विरोधाभास नजर आए, जिसके बाद उस पर संदेह गहरा गया। पुलिस ने जब उसे सख्ती से पूछताछ की, तो वह अपने ही बयान से पीछे हटने लगा और लगातार जवाब बदलने लगा। लगातार पूछताछ के बाद आरोपी पिता टूट गया और उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि वह आर्थिक परेशानियों से जूझ रहा था और इसी तनाव में उसने यह खौफनाक कदम उठाया। आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने अपनी ही बच्ची को घर के सेप्टिक टैंक में फेंक दिया और बाद में अपहरण की झूठी कहानी गढ़कर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। उसके कबूलनामे के बाद पुलिस टीम ने उसकी निशानदेही पर घर के सेप्टिक टैंक से बच्ची का शव बरामद किया। इसके बाद मामले में हत्या की धाराएं भी जोड़ दी गईं और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। यह भी देखा जा रहा है कि आरोपी ने यह कदम अकेले उठाया या इसके पीछे कोई अन्य कारण भी था।

# मिजार्पुर के पूर्व सरपंच कृष्ण बने आठ गामा खाप के प्रधान

### अशोक गुराना बने प्रेस प्रवक्ता

### पर्यावरण संरक्षण पर रहेगा विशेष फोकस

» **हरियाणा, यूटर्न/ 25 मई।**



गांव राजली स्थित नागा बाबा मंदिर में सर्वजातीय आठ गामा खाप की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता भरत सिंह नंबरदार ने की। इस बैठक में खाप की पुरानी कमेटी का तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद नई कमेटी के गठन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक में विभिन्न गांवों से पहुंचे सरपंचों, नंबरदारों व गणमान्य लोगों ने सर्वसम्मति से मिजार्पुर के पूर्व सरपंच कृष्ण को आठ गामा खाप का प्रधान बनाया गया है और अशोक गुराना को प्रेस प्रवक्ता बनाया गया है। इसके अलावा नई कार्यकारिणी में बधावड़ से कृष्ण, अभेराम, राजली से प्रदीप शास्त्री, ढाड से रमेश, अभेराम, गुराणा से ऋषि राम, खानपुर से रामफल, घिराय से जयवीर और खरकड़ी से सरपंच प्रतिनिधि विक्रम को सदस्य के रुप में शामिल किया गया है। नवनियुक्त प्रधान कृष्ण ने कहा कि पंचायत समाज में भाईचारा बनाए रखने, आपसी विवादों का समाधान करने तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए मिलकर कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण एक ऐसा मुद्दा है जिस पर सभी गांवों को एकजुट होकर काम करने की जरूरत है। बैठक में गांव चानौत में बिजली और पानी की समस्या को लेकर चल रहे ग्रामीणों के धरने का समर्थन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज और गांवों के हितों से जुड़े मुद्दों पर सभी को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए।

इस अवसर पर पूर्व प्रधान कुलदीप बूरा, जयपाल, धर्मपाल बूरा, सरपंच प्रतिनिधि संदीप, पूर्व सरपंच सतबीर खरकड़ी, मास्टर सूरजमल बूरा, शमशेर, अजीत खरकड़ी, राजेश नेहरा ढांड, रामअवतार शर्मा सरपंच गुराना, पूर्व पार्षद धर्मबीर, अशोक कुमार, कृष्ण पोला गुराना, जय कुमार, बिल्लू बूरा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# ग्रेटर कैलाश में एक करोड़ की चोरी का खुलासा, 250 सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस ने दबोचा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मई।**

दक्षिण दिल्ली के पॉश इलाके ग्रेटर कैलाश में करीब एक करोड़ रुपये के सोने-हीरे के जेवरात और नकदी की चोरी की गुत्थी को पुलिस ने महज 48 घंटे में सुलझाने का दावा किया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी संवारा गुर्जर उर्फ सुनील (28) को गिरफ्तार किया है। आरोपी पेशे से माली है। आरोप है कि उसने दिन में इलाके की रेकी करने के बाद चोरी की वारदात को अंजाम दिया।




दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल ने बताया कि 20 मई को ग्रेटर कैलाश क्षेत्र से चोरी की ऑनलाइन शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायतकर्ता परिवार ने बताया कि वे एक दिन के लिए घर बंद कर बाहर गए थे। वापस लौटने पर घर के ताले टूटे मिले। अंदर रखे करीब एक करोड़ रुपये के सोने-हीरे के जेवरात तथा लगभग साढ़े छह लाख रुपये नकद गायब मिले। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के लिए स्पेशल स्टाफ और स्थानीय पुलिस की दो अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने घर और आसपास के क्षेत्र में लगे लगभग 250 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी जांच और फुटेज के विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान की।

# आबकारी घोटाला मामले में CBI की याचिका पर सुनवाई आज, अरविंद केजरीवाल समेत सभी आरोपियों को नोटिस जारी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मई।**

आबकारी घोटाला मामले में ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट सुनवाई करेगा। ट्रायल कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत 23 लोगों को आरोपमुक्त कर दिया था।

इससे पहले मामले की सुनवाई कर रहीं न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा के खिलाफ केजरीवाल और उनके सहयोगियों ने रिक्यूजल याचिका दायर कर उनसे सुनवाई से अलग होने की मांग की थी, लेकिन अदालत ने इसे खारिज कर दिया। इसके बाद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और दुर्गेश पाठक ने सुनवाई में शामिल नहीं होने का फैसला किया था। बाद में आपराधिक अवमानना की कार्रवाई शुरू होने के कारण न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा तकनीकी वजहों से मामले से अलग हो गईं। अब इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ कर रही है। अदालत ने सोमवार को अरविंद केजरीवाल और अन्य आरोपियों को पेश होने के लिए नोटिस जारी किया है।



**धर्म जाति में बंटे भारतीय समाज में प्रेमियों के लिए स्थान नहीं : हाईकोर्ट :** हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में 2004 के अंतरधार्मिक प्रेम विवाह मामले में मोहम्मद कासिम को अपहरण और दुष्कर्म के आरोपों से बरी कर दिया है। न्यायमूर्ति यादव ने कहा, भारतीय समाज धर्म, जाति आदि आधारों पर गहराई से विभाजित, खंडित और स्तरीकृत है। अंतरधार्मिक संबंधों में युवा प्रेमियों के लिए व्यावहारिक रूप से कोई जगह नहीं है। ऐसे संबंध गंभीर परिणाम लेकर आ सकते हैं। मामला 2004 का है, जब हिंदू युवती और मुस्लिम युवक ने प्रेम विवाह किया था। 2008 में निचली अदालत ने कासिम को अपहरण और दुष्कर्म का दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट में अपील पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने पाया कि युवती उस समय 18 वर्ष की थी और विवाह सहमति से हुआ था। न्यायमूर्ति विमल कुमार यादव की एकल पीठ ने माना कि पीड़िता ने स्वेच्छा से युवक के साथ यात्रा की, विशेष विवाह अधिनियम के तहत विवाह किया और परिवार के दबाव में बयान बदला।

# दिल्ली पुलिस ने ऑनलाइन आईपीएल सट्टेबाजी रैकेट का किया भंडाफोड़, तीन आरोपी गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मई।**

पूर्वी जिला पुलिस के ऑटो चोरी रोधी दस्ते (एएटीएस) ने दिल्ली के मधु विहार इलाके से संचालित हो रहे एक ऑनलाइन आईपीएल सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़ किया है।

दिल्ली पुलिस द्वारा जारी एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल मैच के दौरान कथित तौर पर ऑनलाइन सट्टेबाजी करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियों की पहचान मधु विहार निवासी मनीष जैन (50), जगत पुरी निवासी अभिषेक जैन (26) और मंडावली ऊंचे पार निवासी अर्पित गुप्ता (40) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मनीष जैन कथित तौर पर अपने घर से सट्टेबाजी का रैकेट चला रहा था, जबकि अन्य दो आरोपी इस काम में उसकी मदद कर रहे थे।

पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई आईपीएल मैचों के दौरान अवैध सट्टेबाजी और जुआ गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे एक व्यापक अभियान का हिस्सा था।

पुलिस को आईपीएल मैचों के दौरान अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी की गतिविधियों के बारे में विशिष्ट सूचना मिलने के बाद 23 मई को शाम लगभग 6 बजे मधु विहार स्थित परिसर पर छापा मारा। परिसर की ऊपरी मंजिल पर पहुंचने पर ड्राइंग रूम में तीन व्यक्ति लैपटॉप, टैबलेट, मोबाइल फोन और हाथ से लिखे सट्टेबाजी के रिकॉर्ड के साथ बैठे पाए गए।

पुलिस ने आगे बताया कि आईपीएल मैच की लाइव स्ट्रीमिंग टैबलेट पर चल रही थी और आरोपी कथित तौर पर फोन कॉल के माध्यम से सट्टेबाजों के साथ सट्टेबाजी की गतिविधियों का समन्वय कर रहे थे। पुलिस टीम को देखते ही आरोपियों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो लैपटॉप, दो सैमसंग टैबलेट, नौ मोबाइल फोन, हाथ से लिखी सट्टेबाजी प्रविष्टियों वाली एक नोटबुक और सट्टेबाजी से संबंधित अन्य रिकॉर्ड बरामद किए।

अधिकारियों ने आगे बताया कि आरोपी कथित तौर पर लाइव सट्टेबाजी की संभावनाओं की निगरानी




करने और सट्टेबाजी खाते बनाए रखने के लिए 'स्काई लाइव प्रो', 'डेटा कैलकुलेशन वर 1.0' और 'स्काईएक्सच' सहित सट्टेबाजी एप्लिकेशन और सॉफ्टवेयर का उपयोग कर रहे थे।

जांचकताओं ने पाया कि आरोपी सट्टेबाजी की दरों पर बातचीत करने, दांव स्वीकार करने और सट्टेबाजी लेनदेन के रिकॉर्ड बनाए रखने के लिए लैपटॉप, टैबलेट और कई मोबाइल फोन का उपयोग कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि व्यापक नेटवर्क का पता लगाने, वित्तीय लेन-देन की जांच करने और ऑनलाइन सट्टेबाजी गिरोह से जुड़े अन्य व्यक्तियों की पहचान करने के लिए आगे की जांच जारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### बुजुर्ग नेम सिंह के सिर में गुम चोट की हुई पुष्टि

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 25 मई।** शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र की डीएलएफ कॉलोनी स्थित फ्लैट में मिले दो बुजुर्ग नेमसिंह और राकेश शर्मा की मौत का कारण अभी तक पुष्ट नहीं हो पाया है। हालांकि नेम सिंह की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर के आंतरिक हिस्से में चोट की बात सामने आई है। दोनों का विसरा सुरक्षित रखा गया है। वहीं बुजुर्ग राकेश शर्मा के परिवार की तलाश के लिए पुलिस ने दो टीमों का गठन किया है। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बुजुर्ग राकेश शर्मा के परिवार का कोई सुराग नहीं मिला है। दो टीमें बनाई गई हैं जो उनके परिवार की तलाश कर रही हैं। बताया कि नेम सिंह के सिर में अंदरूनी गुम चोट की बात पता चली है। लेकिन इसे मौत की वजह नहीं माना जा सकता। शराब के नशे में गिरने पर भी चोट लगने की आशंका है। एसीपी ने बताया कि राकेश शर्मा के परिजनों का पता अगर नहीं चलता है तब पुलिस ही शव का अंतिम संस्कार करेगी।

### पुराने विवाद में झगड़ा और मारपीट, दो वर्ष की मासूम को जमीन से पटका

**लोनी, यूटर्न/ 25 मई।** क्षेत्र की सरल कुंज कॉलोनी निवासी सूरजपाल ने क्षेत्र के ही रहने वाले आर्यन समेत कई अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दो माह पुराने विवाद में रंजिश के चलते घर में घुसकर मारपीट करने और दो वर्षीय बच्ची को जमीन पर पटकने का आरोप है। बच्ची का जीटीबी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दर्ज मामले में सूरजपाल ने बताया कि वह गाड़ी चलाने का काम करते हैं और घर पर ही एक छोटी किराना दुकान का संचालन भी करते हैं। बताया कि 14 मई को पड़ोसी आर्यन व उसके साथी हरीश से उनकी कहासुनी हुई थी। इसके बाद आरोपियों ने उनसे मारपीट की। समाज के वरिष्ठ लोगों ने बीच-बचाव कर समझौता करा दिया। आरोप है कि कुछ देर बाद ही आरोपी की मां और बहन दुकान पर पहुंचे और जाति सूचक अपशब्द कहे। इसके बाद आर्यन व उसके साथी उनके घर में घुसे और उनके परिवार से बुरी तरह मारपीट की। यहां तक कि उनकी दो वर्षीय बच्ची को जमीन से पटक दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। वह तुरंत चोटिल परिजनों और बच्ची को लेकर अस्पताल पहुंचे। बच्ची को संयुक्त अस्पताल से जीटीबी रेफर कर दिया गया है। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तारी कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

# दिल्ली क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया हत्या का आरोपी, झारखंड में साथियों के साथ मिलकर किया था मर्डर

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मई।**

झारखंड के साहिबगंज स्थित बोरियो थाना क्षेत्र में अपहरण और हत्या का मामला क्राइम ब्रांच दिल्ली ने सुलझा लिया है। इसके साथ ही एक आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी हत्या करने के बाद झारखंड से भाग गया था और गिरफ्तारी से बचने के लिए दिल्ली में छिपा हुआ था। झारखंड के साहिबगंज जिले के बोरियो थाने में 21 मई को चंपाई मरांडी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान चंपाई का शव लापता होने के 10 दिन बाद जंगल से बरामद हुआ था। जांच में पता चला कि मृतक को आखिरी बार आरोपियों के साथ शराब पीते हुए देखा गया था। हत्या करने के बाद आरोपियों ने सबूत मिटाने के प्रयास में शव को जंगल क्षेत्र में छिपा दिया और गिरफ्तारी से बचने के लिए गांव से फरार हो गए।



दिल्ली क्राइम ब्रांच के हेड कांस्टेबल गौरव को दिल्ली के यमुना बाजार स्थित हनुमान मंदिर के पास चंपाई मरांडी की हत्या के आरोपी सुखदेव मुर्मू उर्फ ताला की मौजूदगी के बारे में ठोस सूचना मिली। मुखबिर ने बताया कि आरोपी ने कुछ लोगों के सामने अपने साथियों के साथ झारखंड के साहिबगंज जिले में अपने पैतृक गांव में हुई हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। इसके साथ यह भी बताया कि हत्या करने के बाद शव को जंगल में छिपा दिया गया था।

क्राइम ब्रांच टीम द्वारा प्राप्त सूचना को बोरियो थाने के एसएचओ (एसआई रोहित) के साथ साझा किया गया। उन्होंने अपहरण का मामला दर्ज होने की पुष्टि की और बताया कि शव बरामद होने के बाद मामले में हत्या की धाराएं जोड़ी गईं। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि आरोपी अपराध करने के बाद फरार हो गए थे। आरोपी की पहचान और संलिप्तता स्थापित करने के लिए झारखंड पुलिस के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखा गया, जिसके बाद क्राइम ब्रांच टीम ने तत्काल कार्रवाई शुरू की।

क्राइम ब्रांच टीम ने यमुना बाजार स्थित हनुमान मंदिर के पास निगरानी रखी और रणनीतिक रूप से उस क्षेत्र में जाल बिछाया। निरंतर निगरानी और तकनीकी निगरानी के बाद 24 मई को आरोपी को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपनी पहचान सुखदेव मुर्मू बताई। उसने बताया कि 12 मई को उसने बाबूजी मरांडी, मंगल टुडू और चंपाई मरांडी के साथ मिलकर शराब पी थी।

शराब पीने के दौरान उनके बीच तीखी बहस हुई, जिसके बाद सहयोगियों ने चंपाई का गला घोंट दिया, जबकि उसने हत्या करने में उनकी सहायता की। आरोपी सुखदेव मुर्मू खेत मजदूर के रूप में काम करता है। वह अशिक्षित है और शराब का आदी है।

# उत्तरी दिल्ली में पेड़ से लटकता मिला ऑटो ड्राइवर का शव, पुलिस जांच में जुटी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मई।** उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी में यमुना खादर इलाके के पास सोमवार सुबह एक पेड़ से 38 वर्षीय व्यक्ति का शव लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान बुराड़ी क्षेत्र निवासी अखिलेश के रूप में हुई है, जो कथित तौर पर ऑटो रिक्शा चलाता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। परिवार के सदस्यों के अनुसार, अखिलेश रविवार रात लगभग 10 बजे खाना खाने के बाद कुछ सामान खरीदने का बहाना बनाकर घर से निकले थे। इसके बाद रात भर घर नहीं लौटे।




सोमवार तड़के सुबह सैर के लिए आए लोगों ने यमुना खादर के पास एक पेड़ से लटकता हुआ शव देखकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। दिल्ली पुलिस और वजीराबाद पुलिस स्टेशन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने मौत के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। परिवार के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने इस घटना पर गहरा सदमा व्यक्त किया और मामले की गहन जांच की मांग की। मृतक के एक रिश्तेदार ने कहा, 'मेरी बेटी ने मुझे फोन करके बताया कि अखिलेश भैया का निधन हो गया है। फिर मैं आज यहां आया। मुझे ज्यादा कुछ नहीं पता कि क्या हुआ और कैसे हुआ। वे यहां ऑटो रिक्शा चलाते थे।' मृतक के एक अन्य रिश्तेदार ने बताया, 'अखिलेश रात करीब 10 बजे घर से निकला और काफी देर तक वापस नहीं लौटा। फिर खबर फैली कि वह पेड़ से लटका हुआ मिला है। हम इस मामले की पूरी जांच चाहते हैं। उसका किसी से कोई विवाद नहीं था।' पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम और आगे की जांच के बाद ही मौत का सही कारण पता चलेगा।

# 'निसान टेक्टॉन हाइब्रिड' पेश करने की तैयारी




» नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मई।

निसान मोटर इंडिया जल्द ही एक नई सी-सेगमेंट एसयूवी, 'निसान टेक्टॉन हाइब्रिड', पेश करने की तैयारी में है। इस बहुप्रतीक्षित एसयूवी को कंपनी ने 9 जुलाई 2026 को लॉन्च करने की घोषणा की है। रेनो डस्टर के प्लेटफॉर्म पर आधारित यह एसयूवी हाइब्रिड तकनीक के साथ आएगी, जिससे ग्राहकों को बेहतर माइलेज और दमदार परफॉर्मेंस का अनुभव मिलेगा। अनुमान लगाया जा रहा है कि इसकी कीमत 11 लाख रुपये से शुरू होकर 19 लाख रुपये तक जा सकती है। नई टेक्टॉन का डिजाइन निसान पेट्रोल एसयूवी से प्रेरित होगा, जिसमें एक बोल्ड फ्रंट ग्रिल, कनेक्टेड एलईडी लाइट बार, मजबूत बोनट और आकर्षक एसयूवी स्टाइल शामिल होंगे। इसके इंटीरियर में आधुनिकता का पूरा ध्यान रखा गया है, जिसमें ट्रिपल-टोन डैशबोर्ड, एक बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, वेंटिलेटेड सीट्स, वायरलेस चार्जर और पैनोरमिक सनरूफ जैसे प्रीमियम फीचर्स दिए जा सकते हैं। इंजन विकल्पों में 1.0 लीटर टर्बो पेट्रोल, 1.3 लीटर टर्बो पेट्रोल और एक 1.8 लीटर स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इंजन शामिल होंगे। हाइब्रिड वेरिएंट से 25 किलोमीटर प्रति लीटर तक का शानदार माइलेज मिलने का दावा किया जा रहा है, और यह मैनुअल, सीवीटी तथा डीसीटी ट्रांसमिशन विकल्पों के साथ उपलब्ध होगी। सुरक्षा के मामले में भी यह एसयूवी काफी उन्नत होगी। इसमें छह एयरबैग, एबीएस, ईएसपी, टीपीएमएस, 360 डिग्री कैमरा और लेवल-2 एडीएएस जैसी अत्याधुनिक सुरक्षा तकनीकें शामिल होंगी। कंपनी इसमें ऑटोमैटिक इमरजेंसी ब्रेकिंग और लेन कीप असिस्ट जैसी सुविधाएँ भी दे सकती है।

# अपाचे आरटीआर 200 नए अवतार में पेश

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मई।** भारतीय बाजार में टीवीएस मोटर कंपनी ने अपनी लोकप्रिय अपाचे आरटीआर 200 4वी को एक नए और अपडेटेड अवतार में पेश किया है। कंपनी ने इसे नवीनतम ओबीडी-2बी एमिशन नॉर्म्स के अनुरूप बनाया है, जिससे यह न केवल अधिक शक्तिशाली है बल्कि पर्यावरण के प्रति भी अधिक जिम्मेदार है। इस बाइक को आधुनिक फीचर्स और बेहतरीन तकनीक के साथ तैयार किया गया है, जिसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये रखी गई है। बाइक को तीन नए आकर्षक रंगों ग्लॉसी ब्लैक, मैट ब्लैक और ग्रेनाइट ग्रे में लॉन्च किया गया है, और सभी वेरिएंट्स में लाल अलॉय व्हील्स दिए गए हैं, जो इसके स्पोर्टी लुक को और भी आकर्षक बनाते हैं। नई अपाचे आरटीआर 200 4वी में 37 एमएम का गोल्डन यूएसडी फोर्क शामिल किया गया है, जो राइडिंग स्थिरता को काफी बढ़ा देता है। इसके साथ ही, इसमें एक नया हाइड्रोफॉर्म्ड हैंडलबार भी दिया गया है, जो तेज रफ्तार और चुनौतीपूर्ण मोड़ों पर सवार को बेहतर कंट्रोल प्रदान करता है। बाइक में 197.5 सीसी का सिंगल सिलेंडर ऑयल-कूल्ड इंजन है, जो 20.5 हॉर्स पावर की अधिकतम शक्ति और 17.25 एनएम का टॉर्क उत्पन्न करता है। यह इंजन 6-स्पीड गियरबॉक्स और स्लिपर क्लच के साथ आता है, जिससे गियर शिफ्टिंग स्मूथ और अधिक रिस्पॉन्सिव हो जाती है।

# पेट्रोल-डीजल के दाम में फिर बढ़ोतरी, दिल्लीवासियों ने कहा- कीमतों पर अब नियंत्रण होना चाहिए

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मई।



देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में सोमवार को एक बार फिर बढ़ोतरी दर्ज की गई। पेट्रोल की कीमत में 2.61 रुपए प्रति लीटर और डीजल में 2.71 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। पिछले 10 दिनों में यह चौथी बार है जब ईंधन के दाम बढ़ाए गए हैं, जिससे आम जनता और खासकर मध्यम वर्ग की परेशानियां बढ़ गई हैं। कीमतों में बढ़ोतरी के बाद दिल्ली के पेट्रोल पंपों पर तेल भरवाने पहुंचे लोगों ने नाराजगी जताई। लोगों का कहना है कि लगातार बढ़ती कीमतों का सीधा असर उनके बजट और रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ रहा है। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए एक व्यक्ति ने कहा कि कीमतें बढ़ने से हम पर असर पड़ रहा है। मुझे लगता है कि कीमतें अब बढ़ती ही रहेंगी। इस पर नियंत्रण होना जरूरी है, वरना दिक्कतें खड़ी हो जाएंगी। कुछ हमें कंट्रोल करना होगा और कुछ सरकार को। एक अन्य व्यक्ति ने कहा कि काम कम है और पेट्रोल महंगा होता जा रहा है। आमतौर पर हम रोज 300 रुपए का तेल भरवाते हैं, लेकिन काम बहुत कम हो गया है क्योंकि ग्राहक उतने पैसे नहीं देते और कंपनियां भी रेट कम कर देती हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## रुपया 40 पैसे मजबूत होकर 95.20 प्रति डॉलर पर खुला

### रुपया शुक्रवार को 75 पैसे तेजी के साथ 95 .60 डॉलर पर बंद हुआ था

**मुंबई, यूटर्न/ 25 मई।** अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते की उम्मीदों के बीच रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 40 पैसे मजबूत होकर 95.20 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार अमेरिका और ईरान के बीच लगभग तीन महीने से जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक शांति समझौते पर काफी हद तक सहमति बन चुकी है, जिससे रुपये में सकारात्मक रुख देखा गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.36 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती कारोबार में 95.20 तक पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 40 पैसे की मजबूती दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को 75 पैसे की बढ़त के साथ 95.60 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.04 पर कारोबार कर रहा था, जबकि अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का 5.43 प्रतिशत टूटकर 97.92 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

## टाटा ट्रस्ट्स और टाटा संस के बीच सुलझा गतिरोध

**मुंबई, यूटर्न/ 25 मई।** टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा और टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन के बीच सप्ताहांत में हुई मुलाकात के साथ ही करीब तीन महीने से चला आ रहा गतिरोध खत्म हो गया है। यह सुलह 26 मई को होने वाली टाटा संस की अहम बोर्ड बैठक से ठीक पहले हुई है, जहां समूह के भविष्य के नेतृत्व, चंद्रशेखरन के कार्यकाल और कंपनी की सूचीबद्धता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार किया जाएगा। यह मुलाकात 24 फरवरी को बिना किसी नतीजे के समाप्त हुई पिछली बोर्ड बैठक के बाद हुई है। नोएल टाटा ने पिछली बैठक में एयर इंडिया, टाटा डिजिटल और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी समूह की कंपनियों के वित्तीय मामलों पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कथित तौर पर कई कंपनियों की लाभप्रदता को चंद्रशेखरन के तीसरे कार्यकाल से जोड़ा था, जिसका अनुमोदन टाटा ट्रस्ट्स ने जुलाई 2023 में किया था। आगामी बोर्ड बैठक में चंद्रशेखरन के कार्यकारी चेयरमैन के रूप में कार्यकाल के नवीनीकरण पर विचार होने की संभावना है, जिसका दूसरा कार्यकाल फरवरी 2027 में समाप्त हो रहा है। इसके अतिरिक्त, टाटा संस को सूचीबद्ध कराने का मुद्दा भी एजेंडे में शामिल किया गया है।

# महंगे कच्चे तेल और सरकारी सख्ती से भारत में थमेगी ईंधन मांग वृद्धि: ऊर्जा विश्लेषक

### सरकार की ईंधन बचत मुहिम, 2026 की दूसरी छमाही से परिवहन ईंधन की मांग वृद्धि में सुस्ती की आशंका

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मई।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, रुपये की लगातार कमजोरी और सरकार की ईंधन बचत मुहिम के चलते भारत में परिवहन ईंधन की मांग वृद्धि में सुस्ती आने की आशंका है। ऊर्जा विश्लेषकों ने यह राय जताई है कि वर्ष 2026 की दूसरी छमाही से यह प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से दिखाई देगी। हाल ही में




पेट्रोल और डीजल की कीमतों में की गई बढ़ोतरी और प्रधानमंत्री की ईंधन बचाने की अपील से इस पर और असर पड़ेगा, जिससे सरकार को विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव और चालू खाते के घाटे (कैड) में वृद्धि जैसी चिंताओं से निपटने में मदद मिलेगी।

ऊर्जा विश्लेषण कंपनी केप्लर की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की 2026 के लिए परिष्कृत उत्पादों की मांग वृद्धि का अनुमान 39 प्रतिशत घटाकर लगभग 78 हजार बैरल प्रतिदिन (केबीडी) कर दिया गया है, जो पहले 128 केबीडी था।

रिपोर्ट बताती है कि इस सुस्ती का सबसे ज्यादा असर पेट्रोल की मांग पर पड़ेगा, जिसकी वृद्धि का अनुमान 63 केबीडी से घटाकर 38 केबीडी प्रतिदिन कर दिया गया है। वहीं, डीजल की वार्षिक मांग वृद्धि का अनुमान भी लगभग 20 केबीडी कम किया गया है, और हवाई यात्रा पर असर पड़ने की आशंका से विमान ईंधन (एटीएफ) की मांग वृद्धि का अनुमान भी लगभग 50 प्रतिशत घटाकर छह केबीडी कर दिया गया है। विश्लेषकों का मानना है कि दफ्तर आने-जाने की गतिविधियों में कमी, गैर-जरूरी यात्राओं में गिरावट और सरकारी ईंधन बचत अभियान के कारण पेट्रोल की मांग कमजोर पड़ सकती है।

हाल ही में 15 मई से तीन चरणों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगभग पांच रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। इसके बावजूद, पेट्रोलियम कंपनियों को अभी भी अनुमानित लागत स्तर से काफी कम कीमत पर ईंधन बेचना पड़ रहा है।




# किआ की सेल्टॉस और स्कोडा ऑटो की कुशाक लोकप्रिय

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मई।** कार निर्माता कंपनी किआ की सेल्टॉस और स्कोडा ऑटो की कुशाक ग्राहकों के बीच अपनी मजबूत पहचान बनाए हुए हैं। यह दोनों ही एसयूवी आधुनिक फीचर्स, दमदार परफॉर्मेंस और प्रीमियम डिजाइन के साथ आती हैं, जिससे 15 लाख रुपये के बजट में ग्राहकों के लिए चुनाव करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। किआ सेल्टॉस की कीमत 10.99 लाख रुपये से शुरू होकर 19.99 लाख रुपये तक जाती है, जबकि स्कोडा कुशाक 10.69 लाख रुपये से 18.99 लाख रुपये तक उपलब्ध है। किआ सेल्टॉस अपने बड़े आकार, प्रीमियम इंटीरियर और उन्नत फीचर्स के कारण विशेष रूप से पारिवारिक ग्राहकों को आकर्षित करती है। इसमें डुअल 12.3 इंच डिस्प्ले, वेंटिलेटेड सीट्स, 64 कलर एंबियंट लाइटिंग और लेवल-2 एडीएएस जैसे फीचर्स मिलते हैं। वहीं, स्कोडा कुशाक अपने यूरोपीय डिजाइन, मजबूत बिल्ड क्वालिटी और शानदार ड्राइविंग अनुभव के लिए जानी जाती है। सुरक्षा के मामले में दोनों ही एसयूवी बेहद मजबूत हैं। सेल्टॉस को भारत एनकैप में पांच स्टार रेटिंग मिली है, जबकि कुशाक को ग्लोबल एनकैप में पांच स्टार सुरक्षा रेटिंग प्राप्त हुई है। दोनों में छह एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल और कई अन्य आधुनिक सुरक्षा फीचर्स स्टैंडर्ड के तौर पर मिलते हैं।

# एथेनॉल आधारित स्टोव पर खाना बनाने की लागत एलपीजी से कम : नितिन गडकरी

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मई।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एथेनॉल आधारित स्वदेशी कुकिंग स्टोव टेक्नोलॉजी का अनावरण किया और कहा कि इस स्वदेशी स्टोव पर कमर्शियल एलपीजी की तुलना में कम कीमत पर खाना बनाया जा सकता है। साथ ही, उन्होंने युवा भारतीयों की विज्ञान में रुचि को बढ़ावा देने के लिए 40 करोड़ रुपए की एक पहल की घोषणा भी की।



नागपुर में एक कार्यक्रम में बोलते हुए गडकरी ने कहा कि नई तकनीक में खाना पकाने के लिए उपयुक्त लौ उत्पन्न करने के लिए एथेनॉल और पानी के मिश्रण का उपयोग किया जाता है। मंत्री ने कहा, 'पानी में 7 प्रतिशत एथेनॉल मिलाकर स्टोव से लौ उत्पन्न की जा सकती है, और यह खाना पकाने वाली गैस से सस्ती है। यह हमारे देश में ही विकसित की गई है।'

यह घोषणा जीवाश्म ईंधन के टिकाऊ और किफायती विकल्प के रूप में एथेनॉल के लिए गडकरी के लंबे समय से चले आ रहे समर्थन के अनुरूप है। पिछले कई वर्षों से, उन्होंने परिवहन और ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में यह तर्क देते हुए एथेनॉल के उपयोग को लगातार बढ़ावा दिया कि यह आयातित कच्चे तेल पर भारत की निर्भरता को कम करने में मदद कर सकता है, साथ ही घरेलू कृषि और स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों का समर्थन भी कर सकता है।

भारत वर्तमान में अपनी कच्चे तेल की आवश्यकताओं का लगभग 87 प्रतिशत आयात करता है, जिससे ऊर्जा सुरक्षा एक प्रमुख नीतिगत प्राथमिकता बन जाती है।

सरकार ने पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण को आक्रामक रूप से बढ़ाया है, मिश्रण का स्तर 2014 में 1.53 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 20 प्रतिशत हो जाएगा। गडकरी को एथेनॉल-मिश्रण कार्यक्रम के बड़े समर्थकों में से एक माना जाता है।

प्रस्तावित एथेनॉल आधारित स्टोव तकनीक इस दृष्टिकोण को घरेलू खाना पकाने के क्षेत्र तक विस्तारित करती है, जहां लाखों परिवार अभी भी एलपीजी सिलेंडरों पर निर्भर हैं।

यदि इसे सफलतापूर्वक बड़े पैमाने पर लागू किया जाता है और इसका व्यवसायीकरण किया जाता है, तो यह इनोवेशन पारंपरिक खाना पकाने वाली गैस का एक सस्ता, स्थानीय स्तर पर विकसित विकल्प प्रदान कर सकता है, साथ ही भारत के स्वच्छ ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र को और मजबूत कर सकता है।

गडकरी ने कहा, 'जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी विकसित हो रही है, हम युवाओं और बच्चों में विज्ञान के प्रति प्रेम जगाने के लिए 40 करोड़ रुपए की एक परियोजना पर भी काम कर रहे हैं।'

# बिन पानी सब सून: टैंकरों के भरोसे जीवन, हफ्ते भर से पेयजल की आपूर्ति नहीं, गंदे पानी से बीमारी का खतरा

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मई।




तपती धूप, चढ़ता पारा और हाथों में बाल्टी-डिब्बे लिए टैंकर से पानी के लिए लाइन लगाए लोग...दिल्ली के अशोक नगर, करावल नगर वेस्ट और सुंदर ब्लॉक के निवासियों के लिए यह समस्या रोज की परीक्षा बन गई है। सुबह से महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे पानी के टैंकरों के इंतजार में लंबी कतारों में खड़े नजर आते हैं।

तेज गर्मी के बीच बूंद-बूंद पानी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। कई परिवार बोतलबंद पानी खरीदने के लिए मजबूर हैं। जल संकट से दिन का सुकून और रात की नींद छिनने से नाराज लोगों का कहना है कि शिकायत के बावजूद संबंधित विभाग समस्या का समाधान नहीं कर रहे हैं सिर्फ आश्वासन ही दे रहे हैं।

**गंदे पानी की सप्लाई से बढ़ा बीमारी का खतरा:** वेस्ट करावल नगर के निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में पानी आता भी है, तो वह इतना गंदा और बदबूदार होता है कि उसे इस्तेमाल नहीं कर सकते। ऐसा ही हाल शकरपुर स्थित सुंदर ब्लॉक और अशोक नगर के शिव शक्ति गली स्थित डी-ब्लॉक का भी है। सुंदर ब्लॉक में कई सप्ताह से लगातार दूषित पानी की सप्लाई हो रही है। दावा है कि गंदे पानी के वजह से इलाके में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा मंडराने लगा है।

कई सप्ताह से गंदे पानी की सप्लाई हो रही है। ऐसे में लोगों की सेहत को खतरा है। - अंशुल वर्मा।

पानी की सप्लाई ठप है, जिससे इलाके में पानी की किल्लत हो गई है। -सुनील बैंसल।

दिल्ली जल बोर्ड के टैंकरों और बोतलबंद पानी के भरोसे अब जीवन गुजर रहा है। - मुकेश भड़ाना।

दिल्ली जल बोर्ड के टैंकरों के भरोसे कब तक जीवन चलेगा। पानी की सप्लाई शुरू करें। - रामपाल।

पानी की किल्लत जल्द ही दूर कर दी जाएगी। लोगों की राहत के लिए अभी दिल्ली जल बोर्ड के टैंकर भेजे गए हैं। -जितेंद्र महाजन, विधायक, रोहतास नगर

**जल संकट... केजरीवाल ने सरकार पर बोला हमला :** दिल्ली में बढ़ते जल संकट को लेकर आम आदमी पार्टी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है।

पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने राजधानी में पानी की समस्या को सरकार की विफलता बताते हुए कहा कि हजारों लोग लंबे समय से पानी के लिए परेशान हैं और हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने जल संकट से जुड़ी एक मीडिया रिपोर्ट साझा करते हुए कहा कि किसने सोचा था, एक दिन देश की राजधानी का ये हाल होगा।

उन्होंने बिना नाम लिए भाजपा सरकार पर निशाना साधा। मनीष सिसोदिया ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार जनता की मूल समस्याओं को हल करने में असफल रही है। सिसोदिया ने कहा कि पिछले एक महीने से हजारों लोग बिना पानी के परेशान हैं। कई कामकाजी महिलाएं कार्यालयों में जाकर नहाने के लिए मजबूर हो रही हैं। गर्मी की तपिश के बीच दिल्ली में पानी संकट पर सियासत तेज हो गई है।

# यमुना सफाई के लिए 1000 करोड़ की जल-सीवर परियोजनाओं को मंजूरी, नजफगढ़ में लगेंगे 12 नए सीवेज प्लांट

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मई।



दिल्ली सरकार ने यमुना की सफाई, सीवरेज व्यवस्था सुधारने और जल संरक्षण को लेकर 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा की कई परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की मीटिंग में ये बड़ा निर्णय लिया गया। इनमें नजफगढ़ क्षेत्र में 12 नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, केशोपुर एसटीपी का विस्तार, पुरानी सीवर लाइन का पुनर्वास और रेन वॉटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देने जैसी योजनाएं शामिल हैं।

सरकार ने दावा किया है कि इन योजनाओं से न सिर्फ यमुना में गिरने वाले गंदे पानी को रोका जा सकेगा, बल्कि लाखों लोगों को बेहतर सीवर और पानी की सुविधा भी मिलेगी। भूजल स्तर में गिरावट को देखते हुए सरकार ने रेन वॉटर हार्वेस्टिंग पर भी फोकस बढ़ाया है। दिल्ली जल बोर्ड अलग विभागों के साथ मिलकर नए वर्षा जल संचयन ढांचे तैयार करेगा और पुराने सिस्टम को दोबारा चालू करेगा। चार ग्राउंड वॉटर एक्सपर्ट्स और दस सोशल मोबिलाइजर्स की नियुक्ति की जाएगी, जो लोगों को जागरूक करने और परियोजनाओं की निगरानी में मदद करेंगे।

**केशोपुर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के विस्तार को भी मंजूरी**

सरकार ने पश्चिमी दिल्ली के केशोपुर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के विस्तार को भी मंजूरी दी है। करीब 122 करोड़ की इस परियोजना के तहत प्लांट की क्षमता 12 एमजीडी से बढ़ाकर 18 एमजीडी की जाएगी। यह उपचारित पानी की गुणवत्ता को नए मानकों के अनुरूप बनाएगा। परियोजना में अगले 11 वर्षों तक संचालन और रखरखाव की व्यवस्था भी शामिल है।

## संक्षिप्त खबरें

### इमारत के बाथरूम में सड़ी-गली हालत में मिला विवाहिता का शव

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 25 मई।** मानेसर थाना के कासन-खोह रोड स्थित इमारत के बाथरूम से रविवार को एक महिला का शव सड़ी-गली हालत में मिला। बंद बाथरूम से बदबू आने के बाद जब पड़ोसियों ने देखा, तो पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और एफएसएल व फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों से घटनास्थल का निरीक्षण कराकर साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। मृतका की पहचान रेवाड़ी जिले के हंसाका गांव निवासी मधु (22) के रूप में हुई है, जो पिछले तीन दिनों से संदिग्ध परिस्थितियों में गुमशुदा थी। करीब एक साल पहले ही उसकी शादी मानेसर निवासी अंकित भगत के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही वह अपने पति के साथ मानेसर में रह रही थी। परिजनों के अनुसार 21 मई को वह अचानक लापता हो गई थी, जिसके बाद से उसकी तलाश की जा रही थी। रविवार को जैसे ही शव मिलने की सूचना मिली, मानेसर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। शव काफी हद तक सड़ी-गली हालत में था। प्राथमिक जांच के अनुसार महिला की हत्या करके शव को छुपाने के लिए बाथरूम में बंद कर दिया गया था। मृतका के पति और ससुराल पक्ष के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों व समय का खुलासा हो सकेगा। मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है। - संदीप कुमार, पुलिस प्रवक्ता

### अवैध हथियार सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 25 मई।** गुरुग्राम पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पिस्टल और कारतूस बरामद किए गए हैं। 23 मई 2026 को थाना सेक्टर-40 गुरुग्राम की पुलिस ने सेक्टर-45 कम्युनिटी सेंटर के पास से एक व्यक्ति को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान रोकेन्द्र उर्फ रॉकी निवासी सूर्य विहार, धनवापुर के रूप में हुई है। वहीं, अपराध शाखा सोहना की टीम ने महेंद्रवाड़ा मोड़, भोंडसी से एक अन्य आरोपी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान प्रवीण निवासी गांव कादरपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पिस्टल और एक कारतूस बरामद किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने यह अवैध हथियार एक अन्य व्यक्ति से 20 हजार रुपये में खरीदा था।

# मेट्रो से घर तक सफर होगा आसान: DMRC ने बढ़ाया लास्ट-माइल नेटवर्क

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मई।



दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने मेट्रो स्टेशनों से यात्रियों के घर और दफ्तर तक की यात्रा को आसान बनाने के लिए लास्ट-माइल कनेक्टिविटी नेटवर्क पर काम शुरू कर दिया है। ई-ऑटो, बाइक टैक्सी, ई-रिक्शा और पब्लिक बाइसिकल शेयरिंग जैसी सेवाओं का उपयोग अब रोजाना करीब 92 हजार यात्री कर रहे हैं। डीएमआरसी का लक्ष्य आने वाले समय में यात्रियों को उनकी जरूरत और बजट के अनुसार अधिक सुविधाजनक और पर्यावरण अनुकूल कराना है। डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक विकास कुमार ने बताया कि मेट्रो स्टेशन तक पहुंचने और वहां से आगे जाने की सुविधा अभी भी बड़ी चुनौती है। इसे बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि निगम यात्रियों को परिवहन विकल्पों का गुलदस्ता देना चाहता है, ताकि लोग अपनी सुविधा और खर्च के हिसाब से साधन चुन सकें।

30 अप्रैल 2026 तक के आंकड़ों के अनुसार, प्रतिदिन 91,987 यात्री लास्ट-माइल सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं। इनमें 55,580 यात्री ई-ऑटो सेवाओं का लाभ ले रहे हैं, जबकि 30,442 यात्री बाइक टैक्सी और पब्लिक बाइसिकल शेयरिंग सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं। इसके अलावा 5,965 लोग ई-रिक्शा से यात्रा कर रहे हैं।

फिलहाल डीएमआरसी नेटवर्क में 1,507 ई-ऑटो संचालित हो रहे हैं और मार्च 2027 तक चरणबद्ध तरीके से 316 नए ई-ऑटो और जोड़े जाएंगे। निगम ने 14 मेट्रो स्टेशनों पर ई-रिक्शा के लिए बैटरी-स्वैपिंग सुविधा भी शुरू की है। इनमें रिठाला मेट्रो स्टेशन, राजेंद्र प्लेस मेट्रो स्टेशन, बॉटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन और वैशाली मेट्रो स्टेशन शामिल हैं। मेट्रो ने रैपीडो, उबर और भारत टैक्सी जैसी कंपनियों के साथ साझेदारी की है। वहीं, दिल्ली परिवहन निगम की फीडर बसें भी मेट्रो यात्रियों की सुविधा बढ़ा रही हैं। मेट्रो अब मेट्रो स्टेशनों के बाहर ऑटो, बस और निजी वाहनों के लिए अलग पिक-अप और ड्रॉप जोन विकसित कर रहा है, ताकि ट्रैफिक जाम कम हो और यात्रियों को अधिक सुगम यात्रा अनुभव मिल सके।

# महंगाई की आंच पर खौलने लगा खाद्य तेल

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 25 मई।

घरेलू रसोई का बजट एक बार फिर महंगाई की आंच में तपने लगा है। सरसों, सोयाबीन, रिफाइंड और पाम ऑयल समेत अधिकांश खाद्य तेलों के दाम पिछले कुछ दिनों में 15 से 20 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ गए हैं। थोक बाजार में बढ़ती कीमतों का असर अब खुदरा बाजारों में भी साफ दिखाई देने लगा है। व्यापारियों का कहना है कि जून तक तेलों के दामों में और वृद्धि होने की संभावना बनी हुई है।



खाद्य तेल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष गौरव का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी, आयात लागत बढ़ने और डीजल महंगा होने से ट्रांसपोर्टेशन खर्च बढ़ा है। यही वजह है कि तेल कंपनियों ने लगातार दाम बढ़ाने शुरू कर दिए हैं। परिवहन लागत बढ़ने से प्रति किलो पर लगभग एक रुपये अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। होली के आसपास रिफाइंड का दाम 141-142 रुपये प्रति किलो था। अब 161-162 रुपये पहुंच चुका है। वहीं सरसों के तेल की कीमत 145 रुपये प्रति किलो थी जो अब 165 रुपये तक पहुंच गई है। यही हाल रहा तो जून तक दामों में और बढ़ोतरी हो सकती है। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल, रिफाइंड और सोयाबीन तेल के दामों में अचानक उछाल आने से आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है। डीजल के दाम बढ़ने का सीधा असर माल ढुलाई पर पड़ा है। पहले जहां एक ट्रक पर आने वाला खर्च सीमित था, वहीं अब लंबी दूरी की ढुलाई महंगी हो गई है। इसका असर छोटे दुकानदारों और ग्राहक दोनों पर पड़ रहा है। व्यापारी नेता देवेंद्र हितकारी का कहना है कि बीते एक महीने में कई कंपनियों ने अलग-अलग चरणों में कीमतें बढ़ाई हैं। थोक मंडियों में आवक सामान्य होने के बावजूद लागत बढ़ने से राहत नहीं मिल रही।

# दादरी में मोटरसाइकिल के नीचे दबने से युवक की मौत, साइलेंसर से झुलसने की आशंका

» ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 25 मई।




ग्रेटर नोएडा के थाना दादरी क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में युवक की मौत हो गई। घटना ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे के पास बिसहाड़ा रोड की बताई जा रही है, जहां एक युवक अपनी बुलेट मोटरसाइकिल के नीचे दबा हुआ मिला। सूचना मिलते ही थाना दादरी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, सोमवार को थाना दादरी पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि बिसहाड़ा रोड पर ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे के निकट एक व्यक्ति मोटरसाइकिल के नीचे दबा पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके पर पड़ी मोटरसाइकिल और युवक की स्थिति को देखकर पुलिस ने प्राथमिक जांच शुरू की। मृतक की पहचान गौरव निवासी ग्राम पिलखनवाली, थाना सिकंदराबाद, बुलंदशहर के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। प्रथमदृष्टया पुलिस जांच में सामने आया है कि गौरव की मोटरसाइकिल अचानक फिसल गई होगी, जिसके चलते वह बाइक के नीचे दब गया।

# सिद्धार्थ विहार में कूड़े में लगाई आग, लोगों ने की शिकायत

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 25 मई।** सिद्धार्थ विहार की सर्विस रोड पर नियमित रूप से कूड़ा डाले जाने और बार-बार आग लगाए जाने से लोग परेशान हैं। इसका धुआं आसपास के रिहायशी इलाकों में पहुंचता है। इससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत होती है। प्रतीक ग्रैंड सोसायटी के निवासी नंद सिंह नेगी का कहना है कि सिद्धार्थ विहार में कई जगहों पर अवैध रूप से कूड़ा डाला जा रहा है। एनएच-9 को सिद्धार्थ विहार से जोड़ने वाली सड़क पर रोजाना कूड़ा डाला जाता है। इसमें असामाजिक तत्व खुलेआम आए दिन आग भी लगा देते हैं। इससे आसपास के इलाकों में गर्मी के इस मौसम में प्रदूषण कई गुना बढ़ जाता है और स्वास्थ्य संबंधित शिकायत की आशंका बनी रहती है। रविवार सुबह भी किसी ने सड़क किनारे के कूड़े में आग लगा दी। इससे आसपास के इलाके में धुआं फैल गया। एक तो आग उगलती गर्मी ऊपर से आग के धुएं ने लोगों को और परेशान कर दिया। निवासी जयप्रकाश का कहना है कि महंगी सोसायटियों के आसपास साफ-सफाई पर आवास विकास का कोई ध्यान नहीं है। कूड़े में आग लगाने वाला कभी पकड़ में नहीं आता।

# जन्मदिन मुबारक हो मेरी लाइफलाइन : मौनी रॉय



अपनी करीबी मित्र त्रिशा गोकुलदास के जन्मदिन के मौके पर अभिनेत्री मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा किया। शेयर की गई तस्वीरों में दोनों दोस्तों के साथ बिताए गए खास पलों की झलक देखने को मिली। तस्वीरों में उनकी यात्राओं और मस्ती भरे लम्हों को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। मौनी रॉय ने पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो मेरी लाइफलाइन। तुम्हारे बिना जिंदगी की कल्पना भी नहीं कर सकती। हमेशा मेरे साथ रहने और मेरा सहारा बनने के लिए धन्यवाद। भगवान करे तुम्हारी जिंदगी हमेशा खुशियों और प्यार से भरी रहे।' अभिनेत्री के इस पोस्ट पर प्रशंसक लगातार प्रतिक्रिया दे रहे हैं और त्रिशा गोकुलदास को जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। मौनी रॉय टीवी और फिल्म इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्रियों में गिनी जाती हैं। उन्होंने अपने अभिनय करियर की शुरूआत लोकप्रिय टीवी शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी से की थी। हालांकि, उन्हें असली पहचान टीवी शो देवों के देव... महादेव में 'सती' के किरदार से मिली। इसके बाद नागिन में 'शिवान्या' की भूमिका निभाकर उन्होंने दर्शकों के बीच खास लोकप्रियता हासिल की। अभिनेत्री कई रियलिटी शोज का भी हिस्सा रह चुकी हैं। वह जरा नच के दिखा और झलक दिखला जा जैसे डांस रियलिटी शोज में भी नजर आ चुकी हैं। छोटे पर्दे पर सफलता हासिल करने के बाद मौनी ने बॉलीवुड में कदम रखा और फिल्म गोल्ड से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू किया। इस फिल्म में उनके साथ अक्षय कुमार मुख्य भूमिका में थे। फिल्म में उनके प्रदर्शन को काफी सराहा गया था और उन्हें बेस्ट फीमेल डेब्यू के लिए फिल्मफेयर नामांकन भी मिला था। वर्कफ्रंट की बात करें तो मौनी रॉय जल्द ही फिल्म द वाइव्स में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक मधुर भंडारकर कर रहे हैं। यह एक ड्रामा फिल्म है, जिसमें बॉलीवुड स्टार्स की पत्नियों की जिंदगी, उनके संघर्ष, रहस्य और ग्लैमर के पीछे छिपी सच्चाइयों को दिखाया जाएगा।





## अकेले रहना आत्मविश्वास की पहचान है : रिद्धि डोगरा

सोशल मीडिया पर हाल ही में एक भावुक और प्रेरणादायक पोस्ट साझा कर अभिनेत्री रिद्धि डोगरा ने अकेले रहने को लेकर अपनी सोच जाहिर की है। अभिनेत्री ने कहा कि अकेले रहना किसी कमजोरी का संकेत नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और मानसिक मजबूती की पहचान है। उनकी इस पोस्ट को सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है और प्रशंसक लगातार प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

रिद्धि डोगरा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर लाल रंग की साड़ी में एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह एक कैफे में अकेले बैठी नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लंबा संदेश लिखते हुए कहा कि जब इंसान अकेले कैफे में जाकर खाना खाने, अकेले फिल्म देखने या खुद के साथ समय बिताने से डरना छोड़ देता है, तब समाज उसे अलग नजर से देखने लगता है। अभिनेत्री के अनुसार ऐसा इसलिए होता है क्योंकि व्यक्ति समाज की पारंपरिक सोच से हटकर अपनी जिंदगी अपने तरीके से जीना शुरू कर देता है।



## सिनेमा को भाषा या क्षेत्र में बांटना सही नहीं: बोमन ईरानी

भारतीय सिनेमा में लंबे समय से चल रही साउथ बनाम बॉलीवुड की बहस पर अभिनेता बोमन ईरानी खुलकर अपनी राय रखी। अभिनेता ने स्पष्ट कहा कि अब वह उत्तर भारत और दक्षिण भारत के सिनेमा के बीच होने वाली तुलना और बहस से पूरी तरह थक चुके हैं। अभिनेता बोमन ईरानी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म पेड्डी को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त अभिनेता ने बातचीत के दौरान कहा कि आखिरकार सभी भारतीय हैं और सिनेमा को भाषा या क्षेत्र के आधार पर बांटना सही नहीं है। उनके मुताबिक, भारत की खूबसूरती इसकी विविधता में है, जहां हर कुछ दूरी पर भाषा और बोलने का अंदाज बदल जाता है, लेकिन इससे लोगों की पहचान या भावनाएं नहीं बदलतीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली का व्यक्ति अलग तरह की हिंदी बोल सकता है और कोई दूसरा व्यक्ति किसी अन्य शैली में, लेकिन सिनेमा और इंसानियत हर जगह एक जैसी रहती है। बोमन के अनुसार, देश से प्यार करने वाले लोग हर क्षेत्र में मौजूद हैं और यही भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी ताकत है। अभिनेता ने कहा कि आज भारतीय सिनेमा क्षेत्रीय सीमाओं से कहीं आगे निकल चुका है।

## पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा बोले, अगले सीजन इन चार टीमों के बदल सकते हैं कप्तान

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मई।** आईपीएल 2026 के लीग स्टेज का अंत हो चुका है। इस सीजन कई बड़ी टीमों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा, जिसमें चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) जैसी बड़ी टीमें भी शामिल रहीं। इस बीच, भारत के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने उन 4 टीमों के नाम बताए हैं, जो अगले सीजन अपने कप्तान को बदल सकती हैं। आकाश ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर शेयर किए गए वीडियो में कहा कि अगले सीजन मुंबई इंडियंस (एमआई) अपने कप्तान को बदल सकती है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर के अनुसार, हार्दिक पांड्या की अगुवाई में एमआई पिछले तीन सीजन में से 2 बार प्लेऑफ में पहुंचने में नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि हार्दिक भले ही टीम में बने रहें, लेकिन अगले सीजन एमआई नए कप्तान के साथ उतर सकती है। आकाश ने कहा कि मुंबई इंडियंस की तरह ही लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) भी ऋषभ पंत से कप्तानी लेकर किसी दूसरे खिलाड़ी को सौंप सकती है। उन्होंने कहा कि पंत की अगुवाई में टीम लगातार दूसरे सीजन प्लेऑफ का टिकट कटाने में नाकाम रही है। आकाश के अनुसार, कप्तानी का दबाव पंत की बल्लेबाजी पर भी साफतौर पर नजर आया है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने कहा कि तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) अगले सीजन अजिंक्य रहाणे की जगह पर नए खिलाड़ी को कप्तानी की जिम्मेदारी दे सकती है।



## आखिरी तीन मुकाबलों में टीम ने जिस तरह से लड़ाई लड़ी, उस पर मुझे गर्व है: अक्षर पटेल

**कोलकाता, यूटर्न/ 25 मई।** आईपीएल 2026 के आखिरी लीग मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 40 रनों से हराया। जीत के साथ टूनामेंट का अंत करने से डीसी के कप्तान अक्षर पटेल खुश नजर आए। उन्होंने कहा कि पिछले तीन मुकाबलों में टीम ने जिस तरह का प्रदर्शन किया, उस पर उन्हें गर्व है। केकेआर के खिलाफ मिली जीत के बाद अक्षर ने कहा, 'मैं कहूंगा कि पिछले तीन मुकाबलों में जिस तरह से हम खेले, तब भी जब आपको पता था कि चीजें ठीक नहीं चल रही हैं, उसके बावजूद जिस तरह से टीम ने लड़ाई लड़ी, मुझे उस पर बहुत गर्व है। किसी ने नहीं सोचा था कि हम बस हार मान लेंगे और सोचेंगे कि हम पहले ही बाहर हो चुके हैं।' दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ने आगे कहा, 'सबसे पहले आपको अपनी गलतियां माननी होती हैं। इसके बाद आपको एहसास होगा कि आपको क्या बेहतर करना है। यही वह सकारात्मक चीज है जिसे आपको आगे ले जाना है। अगर सिर्फ एक मैच का नतीजा अलग होता, तो चीजें बहुत अलग हो सकती थीं।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## फटाफट खबरें

### ऐतिहासिक अब्राहम अकॉर्ड में शामिल हो सकता है ईरान

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 25 मई।** पश्चिम एशिया के भू-राजनीतिक परिदृश्य में एक अप्रत्याशित मोड़ लाते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान जल्द ही ऐतिहासिक अब्राहम अकॉर्ड का हिस्सा बन सकता है। ट्रंप ने ईरान के साथ चल रही हालिया कूटनीतिक बातचीत में सहयोग देने के लिए खाड़ी देशों का आभार व्यक्त करते हुए इशारों-इशारों में यह संकेत दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि मिडिल ईस्ट के देशों ने इस संकट के दौरान अमेरिका का अभूतपूर्व सहयोग किया है, जिससे इस ऐतिहासिक समझौते को मजबूती मिली है और संभव है कि आने वाले समय में इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान भी इसमें शामिल हो जाए।

### रूस ने यूक्रेन पर हाइपरसोनिक ओरेश्निक मिसाइल से किया हमला

**कीव, यूटर्न/ 25 मई।** रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव सहित कई इलाकों पर अब तक का सबसे भीषण संयुक्त हवाई हमला किया है। इस हमले के दौरान रूस ने अपनी सबसे शक्तिशाली और घातक हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल ओरेश्निक का इस्तेमाल किया। चार साल से जारी इस युद्ध में यह तीसरी बार है जब रूस ने इस बेहद आधुनिक हथियार से यूक्रेन को निशाना बनाया है। इस चौतरफा हमले में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि राजधानी कीव में सरकारी कार्यालय, आवासीय भवन, गोदाम और एक स्कूल सहित कई महत्वपूर्ण इमारतें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, बिला त्सेरक्वा शहर पर दागी गई यह ओरेश्निक मिसाइल पारंपरिक के साथ-साथ परमाणु युद्धक सामग्री ले जाने में भी पूरी तरह सक्षम है। रूसी भाषा में ओरेश्निक का अर्थ हेजलनट का पेड़ होता है। यह मिसाइल आवाज की रफ्तार से 10 गुना तेजी से (मैक 10 की स्पीड से) अपने लक्ष्य की ओर बढ़ती है, जिससे इसे हवा में रोक पाना बेहद मुश्किल होता है। इसके अलावा, यह इतनी विनाशकारी है कि जमीन के नीचे तीन से चार मंजिलों की गहराई में बने बंकरों को भी आसानी से नेस्तनाबूद कर सकती है। रूस ने इससे पहले नवंबर 2024 में निप्रो शहर पर और उसके बाद पश्चिमी लवीव क्षेत्र में इसका प्रयोग किया था। यूक्रेन की वायु सेना के मुताबिक, रूस के इस विशाल हवाई हमले में लगभग 600 ड्रोन और जमीनी, समुद्री व हवाई रास्तों से दागी गईं 90 मिसाइलें शामिल थीं। यूक्रेन ने दावा किया है कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने मुस्तैदी दिखाते हुए 549 ड्रोन और 55 मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर दिया।

### ट्रंप के रहस्यमयी पोस्ट से अमेरिका-ईरान शांति वार्ता पर संशय

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 25 मई।** मिडिल ईस्ट में जारी भारी तनाव और कयासों के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक हालिया रहस्यमयी संदेश ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खलबली मचा दी है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर अलविदा लिखते हुए एक नाटकीय एआई जनरेटेड तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में ईरानी झंडों वाले जहाजों पर भीषण विस्फोट होते दिख रहे हैं, हवा में मलबा उड़ रहा है और उनके ऊपर अमेरिकी ध्वज वाला एक ड्रोन दिखाई दे रहा है।

## फोटो स्टोरी



पाकिस्तान के क्वेटा में हुए धमाके में ध्वस्त रेलवे ट्रेक की मरम्मत करते हुए कर्मचारी।

## ईरान से समझौता मंजूरी में लग सकते हैं कुछ दिनः रिपोर्ट

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 25 मई।** अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, व्हाइट हाउस का मानना है कि ईरान की लीडरशिप से इस समझौते को मंजूरी मिलने में कुछ दिन लग सकते हैं। एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी अधिकारियों को उम्मीद है कि कुछ ही दिनों में समझौते पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी माना कि अभी बातचीत पूरी तरह फाइनल नहीं हुई है और यह डील टूट भी सकती है। एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी के हवाले से यह बात कही गई। सन्हिुआ न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, फिलहाल यह साफ नहीं है कि यह संभावित समझौता लंबे समय तक शांति बनाए रखने वाला कोई पक्का समझौता बनेगा या नहीं, और क्या इसमें अमेरिका की परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी मांगों का भी हल निकलेगा। रविवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने अपने प्रतिनिधियों से कहा है कि वे 'जल्दबाजी में कोई समझौता न करें', क्योंकि 'समय हमारे पक्ष में है।



## फिलीपींस के एंजेल्स सिटी में निर्माणाधीन इमारत ढहने से चार की मौत, 17 लापता

**मनीला, यूटर्न/ 25 मई।** फिलीपींस के उत्तरी पंपांगा प्रांत के एंजेल्स सिटी में एक इमारत ढहने से चार लोगों की मौत हो गई। सोमवार को अधिकारियों ने बताया कि अभी भी 17 लोग लापता हैं। बचाव अभियान जारी है। स्थानीय अग्निशमन ब्यूरो के अनुसार, मलबे से तीन शव निकाले गए और एक मलेशियाई नागरिक, जो पास के एक होटल में ठहरा हुआ था, गिरते मलबे की चपेट में आकर मारा गया। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, अधिकारियों ने बताया कि रविवार दोपहर तक कम से कम 26 लोगों को बचा लिया गया था। इनमें से 24 लोग ढही हुई इमारत से और दो लोग पास के होटल से बचाए गए। इनमें से दस लोग घायल हुए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा शनिवार रात भारी बारिश और तेज हवाओं के बाद हुआ। मौसम विभाग के अनुसार, एंजेल्स सिटी में शाम 7 बजे से 8 बजे के बीच लगभग 44 मिमी बारिश हुई थी। लोक निर्माण विभाग के सचिव विंस डिजोन ने कहा कि बचाव कार्य मुश्किल हालात में जारी है। मौके पर मलबा बहुत अस्थिर है और बिजली के खुले तार भी मौजूद हैं, जिससे बचावकर्मियों को खतरा बना हुआ है। समाचार एजेंसी सन्हिुआ ने बताया कि पास के इलाकों के लोगों को सुरक्षित जगहों पर भेज दिया गया है।

## ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग क्वाड की बैठक के लिए आज नई दिल्ली पहुंचेंगी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मई।** ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग सोमवार को क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने और विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता के लिए नई दिल्ली पहुंचेंगी। यह दौरा इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में क्षेत्रीय सुरक्षा और सहयोग पर बढ़ते ध्यान के बीच हो रहा है। अपनी यात्रा से पहले जारी आधिकारिक मीडिया विज्ञप्ति में ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच क्वाड को 'एक महत्वपूर्ण साझेदारी' बताया। उन्होंने कहा, 'आज मैं क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने और ऑस्ट्रेलिया-भारत के विदेश मंत्रियों के फ्रेमवर्क संवाद के लिए भारत की यात्रा करूंगी।' समूह के रणनीतिक महत्व को रेखांकित करते हुए वोंग ने कहा, 'इन अनिश्चित समयों में क्वाड एक महत्वपूर्ण साझेदारी है। चार देश मिलकर इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के लिए शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध भविष्य को आकार देने के लिए काम कर रहे हैं।' क्वाड में ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका शामिल हैं। यह समूह समुद्री सुरक्षा, मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं, महत्वपूर्ण खनिजों, अवसंरचना विकास, आपदा राहत और उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर केंद्रित है।



## बांग्लादेश में वकीलों का प्रदर्शन, महिला अधिवक्ता से मारपीट और आपत्तिजनक टिप्पणी पर कार्रवाई की मांग

» **ढाका, यूटर्न/ 25 मई।**




बांग्लादेश में महिला वकीलों ने साथी अधिवक्ता के साथ हुई कथित मारपीट और आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में मानव श्रृंखला बनाई। प्रदर्शनकारियों ने सत्तारूढ़ बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) से जुड़े दो वकीलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। 'जनरल लॉयर्स' के बैनर तले आयोजित यह मानव श्रृंखला प्रदर्शन रविवार को नारायणगंज जिला जज कोर्ट परिसर में हुआ। प्रदर्शनकारियों ने नारायणगंज सिटी बीएनपी के सदस्य सचिव अबु अल यूसुफ खान टीपू और वकील रफीकुल अहमद के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में जातीयताबादी आइनजीबी (एनजीओ) फोरम की जिला इकाई की संयुक्त संयोजक शमसुन नूर बंधन, पीड़ित वकील अमीना अख्तर शिल्पी समेत कई अधिवक्ता शामिल हुए। पीड़िता शिल्पी ने आरोप लगाया कि अदालत परिसर से फेरीवालों को हटाने के मुद्दे पर रफीकुल अहमद के साथ बहस हुई थी। उनके अनुसार, 'बहस के दौरान एक समय ऐसा आया कि रफीकुल ने मुझ पर हमला कर दिया। बाद में एडवोकेट अबू अल यूसुफ खान टीपू भी शामिल हो गए और मुझे मुक्का मारा।' शिल्पी ने कहा कि उन्होंने बार-बार स्पष्ट किया था कि फेरीवालों को हटाने का आदेश बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव ने दिया था और इस कार्रवाई में उनकी कोई भूमिका नहीं थी। विवाद उस समय और बढ़ गया जब टीपू ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में कथित तौर पर महिला वकीलों को 'डांसर्स' कह दिया। शमसुन नूर बंधन ने बार एसोसिएशन नेतृत्व और बीएनपी के केंद्रीय नेतृत्व से मामले की निष्पक्ष जांच और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने की मांग की। यूनीसेफ ने पिछले सप्ताह कहा था कि 2026 में बांग्लादेश में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ बढ़ती यौन और क्रूर हिंसा की घटनाएं इस बात का संकेत हैं कि देश में लैंगिक और बाल हिंसा रोकने के उपायों को और मजबूत करने की तत्काल जरूरत है।

बांग्लादेश में यूनिसेफ प्रतिनिधि राणा फ्लावर्स ने कहा, 'अपराधियों को सजा न देने की संस्कृति खत्म होनी चाहिए और संस्थागत सुरक्षा, बाल-अनुकूल पुलिस और न्याय व्यवस्था, सामुदायिक सुरक्षा तथा सामाजिक सेवाओं की कमियों को दूर करने पर ध्यान देना चाहिए।' इस महीने की शुरूआत में अवामी लीग ने भी कहा था कि बांग्लादेश में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा लगातार बढ़ रही है और यह अब केवल 'महिलाओं का मुद्दा' नहीं बल्कि 'शासन, न्याय और राष्ट्रीय चरित्र का संकट' बन चुका है।

## ट्रंप का सख्त रुख, कहा- शांति समझौते के लिए कोई जल्दी नहीं

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 25 मई।**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ संभावित शांति समझौते को लेकर अपना रुख स्पष्ट करते हुए एक बार फिर सख्त संकेत दिए हैं। उन्होंने साफ किया है कि ईरान के साथ वार्ता कर रहे अमेरिकी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दे दिए गए हैं कि समझौते को लेकर किसी भी तरह की जल्दबाजी करने की जरूरत नहीं है। इस प्रक्रिया को पूरी सावधानी और समय लेकर आगे बढ़ाया जाना चाहिए, ताकि दोनों देशों के बीच जारी गतिरोध को सही तरीके से समाप्त किया जा सके। डोनाल्ड ट्रंप ने जोर देकर कहा कि इस पूरे मामले में समय और परिस्थितियां फिलहाल अमेरिका के पक्ष में हैं।

अपने बयान में अमेरिकी राष्ट्रपति ने दृढ़ता से दोहराया कि किसी भी परिस्थिति में ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने या उसे अपने पास रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने साल 2015 में तत्कालीन अमेरिकी प्रशासन द्वारा ईरान के साथ की गई पुरानी परमाणु डील की कड़े शब्दों में आलोचना की। उन्होंने उस समझौते को अब तक के सबसे खराब फैसलों में से एक बताते हुए कहा कि पूर्ववर्ती नीतियों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को बढ़ावा देने का काम किया था। वर्तमान प्रशासन की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी बातचीत अत्यंत व्यवस्थित और मजबूत तरीके से आगे बढ़ रही है, जो पहले के ढीले रवैये से पूरी तरह अलग है।

होर्मुज स्ट्रेट के गतिरोध पर बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि इस क्षेत्र के बाहर लगी अमेरिकी नाकेबंदी पूरी ताकत के साथ अपना प्रभाव बनाए हुए है। यह आर्थिक और रणनीतिक नाकेबंदी तब तक पूरी सख्ती से जारी रहेगी, जब तक कि दोनों देशों के बीच एक ठोस और अंतिम समझौता नहीं हो जाता और उस पर हस्ताक्षर नहीं हो जाते।

उन्होंने दोनों पक्षों को सही और दीर्घकालिक समाधान के लिए पर्याप्त समय लेने की सलाह दी है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पहले के मुकाबले अब ईरान के साथ संबंध अधिक पेशेवर हुए हैं, लेकिन ईरान को यह स्पष्ट रूप से समझना होगा कि वह परमाणु बम नहीं बना सकता। इस संकट के दौरान साथ देने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ने मध्य-पूर्व के सहयोगी देशों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि युद्ध के कठिन समय में इन देशों ने अमेरिका का ऐतिहासिक सहयोग किया है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *